


# पुष्पांजली टुडे

**नई सोच, नई पहल**

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 307

ग्वालियर, शुक्रवार, 31 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## खास खबर

### कर्नाटक में सरकार के चंगुल से आजाद होंगे मंदिर

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार मंदिरों को स्वतंत्र बनाने के लिए बजट सत्र से पहले एक कानून लाएगी। बुधवार को हुबली में भाजपा कार्यकारी समिति के दौरान बोलते हुए, सीएम बोम्मई ने कहा, ÷वर्तमान में, हिंदू मंदिर विभिन्न कानूनों और नियमों द्वारा नियंत्रित होते हैं। हम मंदिरों को स्वतंत्र बनाने के लिए बजट सत्र से पहले एक कानून लाएंगे। उन्होंने कहा कई धार्मिक स्थल विभिन्न कानूनों के तहत सुरक्षित रूप से काम कर रहे हैं और पूजा की स्वतंत्रता भी है। लेकिन हमारे हिंदू मंदिर सरकार के नियमों और विनियमों द्वारा नियंत्रित होते हैं और मंदिरों को अपने स्वयं के धन का उपयोग करने के लिए प्रतिबंधित करते हैं। बोम्मई ने कहासरकारी अधिकारियों से धन का उपयोग करने के लिए मंदिरों की व्यवस्था समाप्त होनी चाहिए।

### ड्रग केस में फंसे बिक्रम मजीठिया को लगा झटका

**नई दिल्ली।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने ड्रग मामले में बिक्रम सिंह मजीठिया की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 5 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दिया है। मजीठिया के वकील के अनुरोध पर मामले को स्थगित कर दिया गया। मालूम हो कि शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के खिलाफ ड्रग केस दर्ज किया गया है। हाल ही में इस मामले को लेकर शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने अग्रिम जमानत के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय का रुख किया था। मजीठिया ने अपने वकीलों, दमनबीर सिंह सोबती और अर्शदीप सिंह चीमा के मार्फत उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि 'याचिकाकर्ता को निशाना बनाना पंजाब में कांग्रेस नीत मौजूदा सरकार का एक बड़ा चुनावी मुद्दा है। मोहाली की एक अदालत ने 24 दिसंबर को मजीठिया की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। मालूम हो कि पंजाब में मादक पदार्थ गिरोह की जांच के संबंध में 2018 की एक रिपोर्ट के आधार पर पिछले हफ्ते, मजीठिया (46) के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन÷ प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। मजीठिया, शिअद प्रमुख सुखबीर सिंह बादल के साले और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल के भाई हैं।

### उत्तराखंड को न्यू ईयर गिफ्ट देकर विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी

**हल्द्वानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में 17,500 करोड़ रुपये की 23 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने कहा कि जिन प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन हुआ है, उनसे हलद्वानी के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। पीएम ने कहा, हल्द्वानी शहर के ओवरऑल इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए हम लगभग 2,000 करोड़ रुपये की योजना लेकर आ रहे हैं। अब हल्द्वानी में पानी, सीवरेज, सड़क, पार्किंग, स्ट्रीट लाइट सभी जगह पर अभूतपूर्व सुधार होगा।

### कपड़ों पर बढ़ने वाली जीएसटी दरों में वृद्धि के विरोध में दिल्ली का कपड़ा बाजार बंद

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा कपड़ों पर बढ़ने वाली जीएसटी दरों में वृद्धि को लेकर दिल्ली के व्यापारी असंतुष्ट है।इसकारण कपड़ा व्यापारियों ने बाजार बंद करने का आह्वान किया है। इस बंद को चैम्बर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के अलावा कपड़ा व्यापारियों की अन्य एसोसिएशन का भी समर्थन है। सरकार के फैसले पर दिल्ली में कपड़े के जो बाजार बंद हैं, उसमें चांदनी चौक, करोल बाग, पीतमपुरा, लाजपत नगर आदि बाजार शामिल है। दिल्ली साड़ी मर्केन्टाइल एसोसिएशन की ओर से कहा गया है कि,मोदी सरकार ने कपड़े पर 1 जनवरी 2022 से जीएसटी दर 5 फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी की जा रही है।सभी को पता है कि पिछले दो सालों से व्यापार वर्ग बहुत परेशान रहा है,इसकारण आज हम सांकेतिक रूप से बाजार बंद कर रहे हैं। केंद्र सरकार के इस फैसले का सभी बाजारों में विरोध किया जा रहा है। दिल्ली के अलावा देश के अन्य राज्यों के थोक के कपड़े बाजार में भी बंद का समर्थन किया जा रहा है, जिनमें यूपी, महाराष्ट्र आदि राज्य शामिल है।

### पार्टी करते हुए शराब समझकर पी बैठे एसिड तीन की मौत

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा के धलाई जिले में एसिड को शराम समझकर पीने वाले 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह मामला त्रिपुरा के धलाई जिले में मानु पुलिस थाना क्षेत्र में हुआ। सब डिविजनल पुलिस ऑफिसर रत्न साधन जमाटिया के मुताबिक, मरने वाले तीन लोगों की पहचान 22 वर्षीय सचिंद्र रियांग, 40 वर्षीय अधिराम रियांग और 38 वर्षीय भाबीराम रियांग के तौर पर हुई है।

**मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, सभी दल चाहते हैं समय पर ही हो यूपी विधानसभा चुनाव**

## चुनाव आयोग बोला- नहीं टाले जाएंगे यूपी चुनाव, तय समय पर होंगे

**लखनऊ।** कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को टालने की अटकलों पर चुनाव आयोग ने पूर्ण विराम लगा दिया है। चुनाव ने कहा कि समय पर ही होंगे, इसके संकेत यूपी दौरे पर आए मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा ने दे दिया है। आयोग ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सभी दलों ने समय पर ही चुनाव कराने की मांग की की है। यूपी चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने हमसे मुलाकात की और हमें बताया कि सभी कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए समय पर ही विधानसभा चुनाव कराए जाने चाहिए। तीन दिनों तक समीक्षा करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुनाव आयोग ने कहा कि 5 जनवरी को फाइनल वोटर लिस्ट आएगी। उत्तर प्रदेश में 52 फीसदी नए वोटर और महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। सभी राजनीतिक दल समय पर चुनाव के पक्ष में हैं। बता दें कि अगले साल फरवरी-मार्च के बीच विधानसभा चुनाव होने हैं।




मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा के साथ आयोग के अन्य अधकारी अनूप चन्द्र पांडेय, उमेश सिन्हा, राजीव कुमार समेत चुनाव आयोग के 13 अफसरों की टीम मौजूद थी। चुनाव आयोग ने पिछले 2 दिनों में कई मीटिंग की है। बता दें कि 14 मई 2022 को सरकार का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। यूपी में विधानसभा की सीटों की संख्या 403 है। चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यूपी दौरे का ब्योरा दिया और कहा कि पहले दिन यूपी की सभी राजनीतिक पार्टियों से मुलाकात की गई और आयोग ने राजनीतिक पार्टियों द्वारा बताए गए बिंदुओं का संज्ञान लिया। आयोग ने उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों के जिलाधिकारियों, कमिश्नर, पुलिस के आला अफसरों से मुलाकात की और उन सभी अफसरों से उनके जिलों की लॉ एंड ऑर्डर के बारे में जानकारी दी। चुनाव आयोग ने कहा कि यूपी में मतदाता पंजीकरण का काम 5 जनवरी तक चल रहा है। 5 जनवरी को फाइनल निर्वाचक नामावली प्रकाशित होगी। इस बार 15 करोड़ से अधिक अभी तक उत्तर प्रदेश में मतदाताओं की संख्या है। आयोग ने बताया कि निर्वाचक नामावली प्रकाशित होने के बाद भी लोग अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इस बार 52.8 लाख नए मतदाता जुड़े हैं। इसने कहा कि जनवरी 2022 को 18 साल के हो रहे मतदाता अपना पंजीकरण जरूर करें।

मतदाता जागरूकता और सुरक्षा व्यवस्था संबंधी सभी खास बिंदुओं पर बातचीत की गई। जीएसटी, एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट समेत तमाम विभागों से बातचीत की गई। प्रमुख सचिव डीजी पुलिस हेल्थ सेक्रेट्री से भी मुलाकात की है। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कोविड-19 प्रोटोकॉल के पालन से समय पर चुनाव होने की बात कही। कुछ राजनीतिक दलों ने रैलियों में कोरोना के उल्लंघन का भी जिक्र किया। पोलिंग बूथों पर महिला पुलिस कर्मियों की पर्याप्त व्यवस्था की बात कही। प्रशासन के पक्षपाती रवैया की भी राजनीतिक पार्टियों ने शिकायत की।

### यूपी में दलित वोट बैंक साधने जुटी प्रियंका गांधी

**जाटवों के घर पी चाय, वाल्मीकियों के साथ की चर्चा**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले सियासी पार्टियां फुल चुनावी मोड में आ गई हैं। कांग्रेस नेत्री और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी जी-जान से वोटरों से संपर्क में जुट गई हैं। दलितों की पार्टी कहलाने वाली बसपा की नजर ब्राह्मण वोटों पर है। वही, कांग्रेस दलितों के साथ अपने पुराने रिश्ते मजबूत करने जुटी हैं। प्रियंका बुधवार को फिरोजाबाद में महिला रैली से पहले सितारा जाटव के घर चाय पीने पहुंचीं तो शाम को आगरा में वाल्मीकि समाज के लोगों के बीच पहुंचीं। इस तरह से प्रियंका गांधी बृज इलाके के दौरे पर दलित समाज की दो बड़ी जातियों को साधने का दांव खेलती नजर आई हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या प्रियंका कांग्रेस के दलित वोटबैंक की घर वापसी करा पाएंगीं? 2022 यूपी चुनाव के लिए लड़की हूं लड़ सकती हूं अभियान के तहत कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी महिलाओं से संवाद के लिए बुधवार को फिरोजाबाद पहुंचीं। फिरोजाबाद जाते समय रास्ते में प्रियंका गांधी ने चूड़ी बनाने वाली एक दलित महिला सितारा जाटव के घर गईं और उनसे बातचीत किया। सितारा जाटव चाय बनाकर प्रियंका गांधी को पिलाई और उन्हें चूड़ी बनाना सिखाया। सितारा जाटव से मिलने का एक वीडियो को प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा है, फिरोजाबाद जाते वक्त चूड़ी उद्योग में जुड़ाई व झलाई का काम करने वाली सितारा जाटव से मुलाकात की। कांग्रेस का शक्ति विधान ऐसी तमाम महिलाओं के हाथ में शक्ति देने के लिए है। वीडियो में प्रियंका गांधी दलित महिला से बात करने के दौरान उसके बच्चे के कपड़े भी तह कर रही है। इस दौरान प्रियंका महिला से चूड़ी बनाने की लागत और इनकम पर बातचीत कर रही है। साथ ही वो गैस की बढ़ती कीमतों पर भी सवाल कर रही हैं।

## पीयूष जैन ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा

**कानपुर।** कानपुर के धनकुबेर पीयूष जैन के ठिकानों से मिले 177 करोड़ रुपए कैश और 23 किलोग्राम सोने को लेकर देश भर में चर्चा हो रही है। सियासी दलों के बीच आरोप-प्रत?यारोप का दौर भी चल पड़ा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बीच पीयूष जैन ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पीयूष ने गुहार लगाई है कि डायरेक?टरेट जनरल



ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस 52 करोड़ रुपए काटकर बाकी धन उसे वापस कर दे। बताया जा रहा है कि कानपुर जेल में 14 दिन की न्यायिक हिरासत काट रहे पीयूष जैन ने इस आशय की अर्जी लगाई है। पीयूष के वकील उसकी जमानत याचिका दाखिल करने की भी तैयारी कर रहे हैं। उधर, डीजीजीआई के अधिवक्ता अंबरीश टंडन ने बुधवार को मीडिया को बताया कि पीयूष के घर से बरामद धनराशि टैक्स चोरी की है। वहां से मिला कैश 42 बक्सों में रखकर बैंक में जमा कराया गया है। कानपुर में पीयूष के घर से कुल 177 करोड़ 45 लाख रुपए बरामद किए गए थे। इन्हें दो बार में एसबीआई में जमा कराया गया है। पहली बार 25 बक्सों में 109 करोड़ 34 लाख रुपए 74 हजार 240 रुपए और दूसरी बार में 17 बक्सों में 68 करोड़ 10 लाख 27 हजार करोड़ रुपए बैंक में जमा कराए गए हैं। पीयूष जैन के खजाने से निकले इस कैश की फिलहाल भारत सरकार के नाम से एफडीआई करने के लिए डीजीजीआई ने पत्र लिखा है।

## राफेल से डरा पाकिस्तान चीन से खरीद रहा जे-10 सी लड़ाकू विमान

**नई दिल्ली।** भारत द्वारा राफेल विमान की खरीद से पाकिस्तान तिलमिलाया हुआ है। भारतीय राफेल के जवाब में पाकिस्तान ने चीन से 25 मल्टीरोल जे-10 सी लड़ाकू जेट विमानों का एक पूरा स्क्वाड्रन खरीदा है। यह




जानकारी पाकिस्तान के गृहमंत्री शेख राशिद ने दी है। राशिद ने बताया है कि जे-10 सीष्ट सहित सभी 25 एयरक्राफ्ट सभी मौसम के लिए अनुकूल हैं। ये पूरा स्क्वाड्रन 23 मार्च 2022 को पाकिस्तान दिवस समारोह में भाग लेगा। एयरक्राफ्ट के बारे में बताते हुए उन्होंने जे-10 सी को जेएस -10 बता दिया जिसके कारण पाकिस्तान और हिन्दुस्तान में उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि 23 मार्च के समारोह में शामिल होने के लिए पहली बार कई वीआईपी मेहमान आ रहे हैं। जे-10 सी का फ्लाई-पास्ट समारोह आयोजित किया जा रहा है। पाकिस्तानी वायु सेना राफेल के जवाब में चीनी जेएस -10 एयरक्राफ्ट से फ्लाई-पास्ट करने जा रही है। बता दें कि जे-10 सी विमान पिछले साल पाक-चीन संयुक्त अभ्यास का हिस्सा था, जहां पाकिस्तान के विशेषज्ञों को इन लड़ाकू विमानों को करीब से देखने और समझने का मौका मिला था।


## हम उत्तराखंड को विकास का दशक बनाएंगे: मोदी

**हल्द्वानी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हल्द्वानी में 17,500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली छह परियोजनाओं का उद्घाटन और लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना सहित 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, उनमें सड़क चैड़ीकरण परियोजनाएं, पिथौरागढ़ में एक पनबिजली परियोजना और नैनीताल में सीवरेज नेटवर्क शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल लागत 3,400 करोड़ रुपये है। इस दौरान रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले पहाड़ों को विकास से वंचित रखा गया था। हम उत्तराखंड को विकास का दशक बनाएंगे। उससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देवभूमि उत्तराखण्ड आने पर आर्मी हैलीपेड, हल्द्वानी



पर राज्यपाल ले.ज. (से.नि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने उत?तराखंड की पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, वैसे आज जब जनता जनार्दन इन लोगों की सच्चाई जान चुकी है, तो इन लोगों ने एक नई दुकान खोल रखी है। वो दुकान है अफवाह फैलाने की, अफवाह बनाओ, फिर उसे प्रवाहित करो और उसी अफवाह को सच मानकर दिनरात चिल्लाते रहो। रैली में उन्होंने कहा कि मेरा 7 साल का रिकॉर्ड देख लीजिए। खोज खोज कर ऐसी पुरानी चीजों को ठीक करने में ही मेरा समय जा रहा है। अब मैं काम को ठीक कर रहा हूं, आप उनको ठीक कीजिये। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अपनी स्थापना के 20 साल पूरे कर चुका है, इन वर्षों में आपने ऐसे भी सरकार चलाने वाले देखे हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पेशेवर टेनिस में वापसी करेंगी ओसाका

**मेलबर्न ।** जापान की महिला टेनिस स्टार नाओमी ओसाका ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेने के लिए मेलबर्न पहुंच गयी है। इससे तीन महीने के बाद पेशेवर टेनिस में इस खिलाड़ी की वापसी होगी। गत ऑस्ट्रेलिया ओपन महिला चैंपियन ओसाका ने सितंबर से पेशेवर टूर पर हिस्सा नहीं लिया है। ओसाका को अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में कनाडा की लेला फर्नांडिज के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। इसके बाद 24 साल की ओसाका ने घोषणा की थी कि वह अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए खेल से अनिश्चितकालीन ब्रेक ले रही हैं। सितंबर से पेशेवर सर्किट से दूर चार बार की ग्रैंडस्लैम विजेता नाओमी ने 2019 और 2021 में ऑस्ट्रेलिया ओपन का खिताब जीता था।

### डीजीसी ओपन के साथ ही होगी एशियाई टूर की वापसी

**नई दिल्ली ।** अगले साल यहां 24 से 27 मार्च तक होने वाले पांच लाख डॉलर इनामी राशि वाले डीजीसी ओपन के साथ ही देश में करीब ढाई साल बाद एशियाई टूर के मुकाबले खेले जाएंगे। कोरोना संक्रमण के कारण ये अब तक नहीं हुए थे। इस टूर्नामेंट का आयोजन नये लोधी कोर्स पर किया जाएगा। यह नया टूर्नामेंट 2022 एशियाई टूर कैलेंडर के सत्र के शुरुआती हिस्से के मुख्य टूर्नामेंटों में से एक होगा। दिल्ली गोल्फ क्लब के अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि डीजीसी ओपन नया टूर्नामेंट है जिसे गैरी प्लेयर द्वारा डिजाइन नये कोर्स पर खेला जाएगा। यह इससे जुड़े सभी लोगों के लिए नई शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट से भारत में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंट की वापसी में दिल्ली गोल्फ क्लब को अहम भूमिका निभाने का अवसर मिला है। गौरतलब है कि भारत में पिछली एशियाई टूर प्रतियोगिता का आयोजन नवंबर 2019 में पैनासोनिक ओपन इंडिया के रूप में किया गया था। यही टूर्नामेंट अक्टूबर 2018 में दिल्ली गोल्फ क्लब में हुई एशियाई टूर की पिछली प्रतियोगिता थी।

### भारत और इंग्लैंड में सीरीज जीतना चाहते हैं वार्नर

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर अगले दो साल और खेलना चाहते हैं। वॉर्नर ने कहा है कि इस दौरान वह इंग्लैंड में साल 2023 एशेज श्रृंखला के साथ ही भारत में भी जीत हासिल करना चाहते हैं। वॉर्नर ने कहा है कि अभी उनका लक्ष्य पूरा नहीं हुआ है। वॉर्नर इस साल टी-20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी रहे थे जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार टी20 खिताब जीता था। उन्होंने कहा, हमने अभी तक भारतीय टीम को उसी की धरती पर नहीं हराया है , इसलिए हम भारत में जीतना चाहेंगे। वहीं इंग्लैंड में साल 2019 में हमारी श्रृंखला बराबरी पर रही थी पर उम्मीद है कि अगली बार हमें जीत मिलेगी।'वार्नर का रिकार्ड इंग्लैंड और भारत में खराब रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ तीन श्रृंखलाओं में 13 और भारत में दो श्रृंखलाओं में आठ टेस्ट में खेले वॉर्नर ने 26 और 24 की औसत से रन बनाए हैं जिसमें एक भी शतक नहीं है। अगली एशेज श्रृंखला तक वह 37 साल के हो जाएंगे पर वह इससे परेशान नहीं हैं। उन्होंने कहा, तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने अपने प्रदर्शन से दिखाया है कि उम्र केवल एक नंबर है। मैं अपनी ओर से रन बनाने का कोई अवसर नहीं छोड़ना चाहता। मैं आने वाले समय में बड़ी पारी खेलना चाहता हूं।

## भारत VS साउथ अफ्रीका पहला टेस्ट

# टीम इंडिया जीत से 6 कदम दूर, भारत के लिए एल्गर सबसे बड़ी चुनौती

**सेंचुरियन।** टेस्ट का चौथा दिन एक बार फिर से टीम इंडिया के नाम रहा। साउथ अफ्रीका के सामने 305 रनों का टारगेट था, जिसके जवाब में अफ्रीकी टीम का स्कोर 4 विकेट के नुकसान पर 94 रन है। पांचवे दिन टेस्ट अपने निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। कप्तान डीन एल्गर 52 रनों पर नाबाद है। आज जहां विराट सेना 6 विकेट लेकर मैच जीतना चाहेगी तो मेजबान टीम का लक्ष्य मैच को ड्रॉ कराने पर होगा। साउथ अफ्रीका अभी जीत से 211 रन दूर है।

**एल्गर से टीम इंडिया को खतरा:** साउथ अफ्रीका के लिए सुकून की बात यह है कि उनके कप्तान डीन एल्गर अभी भी 52 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं और टेंबा बवुमा और क्विंटन डिकॉक को अभी बल्लेबाजी के लिए उतरना है। एल्गर के पास लंबी और धैर्यपूर्ण पारी खेलने का दमखम है। जो भारत के लिए ज्यादा मुश्किलें पैदा करेगा।

**सेंचुरियन में सफल रन चेज :** सेंचुरियन में सबसे सफल रन चेज इंग्लैंड के नाम पर दर्ज है। साल 2000 में सा. अफ्रीका ने 249 रनों का टारगेट रखा था, जिसे श्वहत्न ने 2 विकेट रहते हासिल किया था। इसके बाद अफ्रीकी टीम ने श्रीलंका के खिलाफ 1998 में 226 रन चेज किए थे।



**दूसरी पारी में भारत ने बनाए सिर्फ 174 रन :** दूसरी पारी में भारतीय टीम 174 रनों के स्कोर पर ऑलआउट हुई। विकेटकीपर ऋषभ पंत 34 रनों के साथ टॉप स्कोरर रहे। वहीं, अफ्रीका के लिए तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और मार्को जेन्सन ने चार-चार विकेट चटकाए। एक बार फिर टीम इंडिया का मध्यक्रम पूरी तरह से फ्लॉप रहा। विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे एक बार फिर कोई बड़ी पारी नहीं खेल पाए। विराट कोहली के बल्ले से इस साल की आखिरी पारी में भी शतक नहीं निकला। उनका आखिरी शतक 2020 में बांग्लादेश के खिलाफ आया था। कोहली ने पिछली 60 पारियों और 768 दिनों से इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक नहीं लगाया है। 2021 में विराट ने 11 टेस्ट मैचों में 28.21 की औसत से कुल 536 रन बनाए। वहीं, चेतेश्वर पुजारा ने पिछली 43 पारियों से शतक नहीं लगाया है।

### दोनों टीमें

**IND:** केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, विराट कोहली (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, शार्दूल ठाकुर, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**SA:** डीन एल्गर (कप्तान), एडेन मार्करम, कीगन पीटरसन, रैसी वान डेर डुसेन, तेम्बा बाउमा, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), वियान मुल्डर, मार्को जेन्सन, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी।

# अभ्यास शिविर के लिये मास्को पहुंचे बजरंग

**नई दिल्ली ।** पहलवान बजरंग पूनिया 26 दिन के अभ्यास शिविर के लिये मास्को पहुंच गए हैं। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग यहां वह 21 जनवरी तक तैयारियां करेंगे। बजरंग ओलंपिक के बाद पहली बार अभ्यास शिविर में भाग ले रहे हैं। रुस में अभ्यास कर रहे बजरंग ने कहा, 'ओलंपिक के बाद यह मेरा पहला अभ्यास शिविर है और मुझे उम्मीद है कि यह मेरे लिए बहुत अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा, 'मैंने रूस को इसलिए चुना क्योंकि उसके पहलवानों ने ही ओलंपिक खेलों और विश्व चैंपियनशिप में सबसे अधिक पदक जीते। मुझे अनुभवी पहलवानों के



साथ अभ्यास करने का फायदा मिलेगा। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने उनके इस दौरे के लिए कुल 7.53 लाख रुपए मंजूर किए हैं। बजरंग के साथ जितेंदर और उनके अभ्यास के साथी और आनंद कुमार फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में गए हैं। बजरंग को आगे कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना है जिनमें यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग प्रतियोगिताएं, बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल और चीन के हांगजोउ में होने वाले एशियाई खेल शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे फरवरी में इटली और तुर्की में रैंकिंग सीरीज में भाग लेना है और फिर अप्रैल में मंगोलिया में एशियाई चैंपियनशिप होगी। मैं इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करुंगा।

# साल 2021 में कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत पायी टीम इंडिया

**मुम्बई ।** विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम के लिए साल 2021 अच्छा नहीं रहा और टीम एक भी आईसीसी खिताब नहीं जीत पायी जबकि भारतीय टीम को अवसर मिले थे। आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। वह केवल ऑस्ट्रेलिया में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत पायी । महेंद्र सिंह धोनी के कप्तानी छोड़ने के बाद से ही विराट को टीम की कमान मिली थी पर वह टीम को एक भी आईसीसी खिताब नहीं जिता पाये। ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व में भी भारतीय टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और वह सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच पायी। इसके बाद विराट ने टी20 की कप्तानी छोड़ दी। वहीं बीसीसीआई ने समित ओवरों में एक ही कप्तान बनाने के लिए विराट को एकदिवसीय कप्तानी से भी हटा दिया और उनकी जगह रोहित शर्मा को टी20 और एकदिवसीय का नया कप्तान बना दिया। इसका एक कारण यह भी रहा कि विराट बल्लेबाजी के दौरान उम्मीद के अनुसार रन नहीं बना पाये। एक साल से अधिक समय से वह शतक नहीं लगा पाये हैं। भारत ने इस साल ऑस्ट्रेलिया में लगातार दूसरी सीरीज जीती। यह जीत इसलिये भी अहम थी क्योंकि खिलाड़ियों की चोटों के कारण इस सीरीज में युवा खिलाड़ी शामिल थे। विराट निजी कारणों से इस सीरीज से बाहर थे। ऐसे में कप्तानी आजिंक्य रहाणे कर रहे थे। एडीलेड टेस्ट में 36 रन पर सिमटने के बाद भारतीय टीम ने जिस तरह वापसी करके श्रृंखला जीती, उसे क्रिकेट जगत ने जमकर सराहा । ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया 33 साल बाद कोई टेस्ट हारा। इसके बाद विराट की कप्तानी में भारतीय टीम विदेश में एक और सीरीज जीतने के करीब थी पर कोरोना महामारी के कारण इंग्लैंड में पांचवां और आखिरी टेस्ट रद्द करना पड़ा। भारत सीरीज में 2-1 से आगे रही। इसका रद्द हुआ टेस्ट नये साल में खेला जाएगा। भारत अगर श्रृंखला जीत लेता है तो इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाले कोहली पहले एशियाई कप्तान बन जाएंगे। पिछले साल की ही तरह इस साल भी कोरोना महामारी के कारण अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर अस्त व्यस्त रहा।

# आई लीग फुटबॉल पर खतरा मंडराया

**कोलकाता ।** कोरोना संक्रमण के मामले मिलने से आई लीग फुटबॉल के आयोजन पर खतरा मंडरा रहा है। इसका कारण यह है कि विभिन्न टीमों के कई खिलाड़ी बायो बबल में रहने और खेलने के बाद भी संक्रमित पाये गये हैं। माना जा रहा है कि दस से अधिक लोग संक्रमित पाए गए हैं जिनमें तकरीबन सात खिलाड़ी हैं। अब तक की जांच में रीयल कश्मीर एफसी के पांच, मोहम्मद स्पोर्टिंग और श्रीनिधि डेक्कन एफसी का एक-एक खिलाड़ी पॉजिटिव पाया गया है। वहीं आई लीग के एक अधिकारी के अनुसार, 'रीयल कश्मीर के पांच खिलाड़ी और तीन अधिकारी और मोहम्मडन स्पोर्टिंग तथा श्रीनिधि डेक्कन एफसी का एक एक खिलाड़ी पॉजिटिव पाया गया है। अब लीग की आपात बैठक में इसे जारी रखने या रद्द करने पर फैसला लिया जाएगा।

# शास्त्री, हरभजन और कैफ ने शमी को सराहा

**मुम्बई ।** टीम इंडिया के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की जमकर प्रशंसा की है। शमी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट के तीसरे दिन पांच विकेट लेने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में अपने 200 विकेट पूरे किये हैं। शमी की इस उपलब्धि पर शास्त्री ने ट्वीट किया, शाबाश, शमी देख के मजा आया। बिरयानी, दो दिन के बाद मेहनत का फल भगवान खुश रखे। शास्त्री के अलावा भारतीय सीमित ओवरों की टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भी शमी की तारीफ की है। उन्होंने ट्वीट किया, दोहरा शतक विशेष नंबर है। शास्त्री और रोहित शर्मा के अलावा दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने भी शमी को सराहा है। उन्होंने ट्वीट किया, वेल डन शमी, 200 टेस्ट विकेट, दमदार गेंदबाजी की। वहीं पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने लिखा, शमी दुनिया के सबसे अंडर रेटेड गेंदबाज हैं। भाई को हल्के में मत लेना, ये तो हैवी ड्राइवर है। शमी में बुमराह, एंडरसन, कमिंस जैसे ही गुण हैं। शमी ने सेंचुरियन टेस्ट के तीसरे दिन शानदार गेंदबाजी करते हुए 44 रन देकर 5 विकेट लिए। शमी ने दूसरी बार पहली पारी में 5 विकेट लिए हैं। वो 200 विकेट लेने वाले 11वें भारतीय और पांचवें तेज गेंदबाज हैं।

## व्यापार न्यूज

### (मुंबई) बाजार गिरावट के साथ खुला

**मुंबई ।** मुम्बई शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ खुला है। दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में नुकसान के साथ में अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मिले-जुले संकेतों से बाजार नीचे आया है। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सूचकांक अंक 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ ही 57,793.24 अंक पर पहुंच गया। वहीं इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 8.45 अंक तकरीबन 0.05 फीसदी की गिरावट के साथ ही 17,205.15 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में बजाज फिनसर्व को सबसे ज्यादा करीब 1.5 फीसदी का घाटा हुआ। इसके बाद एम ऐंड एम, एक्सिस बैंक, सन फार्मा, एल ऐंड टी, रिलायंस, एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी गिरे हैं जबकि दूसरी ओर, विप्रो, पॉवर ग्रिड, डॉ. रेड्डीज, टेक महिंद्रा और टाइटन के शेयर ऊपर आये हैं। कारोबार के दौरान संसेक्स के 30 शेयरों में से 22 शेयरों में तेजी है, वहीं 8 शेयरों में गिरावट देखने को मिल रही है। विप्रो के शेयर 2.29 फीसदी की तेजी के साथ टॉप पर है। इसके अलावा एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, डॉक्टर रेड्डी, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, टाइटन, पावरग्रिड, अल्ट्रा सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, सनफार्मा आदि में तेजी है।इससे पहले बुधवार को मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया था। कमजोर कारोबार के बीच बाजार में आखिर घंटे में बिकवाली देखने को मिली जिसके चलते सेसेंक्स-निफ्टी दोनों लाल निशान में बंद हुए थे

### सोने और चांदी की कीमतों में आई गिरावट

**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने में 0.18 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं चांदी की कीमतें भी नीचे आयी हैं। एमसीएक्स फरवरी डिलीवरी वाले सोने की कीमत 0.18 फीसदी की गिरावट के साथ ही 47,751 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है। वहीं आज के कारोबार के दौरान चांदी में 0.41 फीसदी की कमी आई है और ये 61,581 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। वहीं साल 2020 की बात करें तो पिछले साल इसी समय एमसीएक्स पर 10 ग्राम सोने का भाव 56,200 रुपये के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली ।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। गुरुवार को भी इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ। तकरीबन एक माह से कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश की राजधानी दिल्ली में गुरुवार को पेट्रोल 95.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर पर बना हुआ है।

## जीएसटी परिषद की बैठक कल

# कर की दरें घटाने पर हो सकता है निर्णय

**नई दिल्ली ।** वस्तु और सेवा कर परिषद (जीएसटी)की कल होने जा रही बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले होने जा रहे हैं। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में होने जा रही है जीएसटी परिषद की बैठक जीएसटी की दरें घटाने पर भी फैसला हो सकता है। चर्चा है कि जीएसटी की 12 और 18 फीसदी की दरों का विलय कर एक दर बनाई जाएगी। दोनों टैक्स स्लैब को एक करने की मांग काफी दिनों से उठ रही है। केंद्रीय मंत्री समूह ने भी जीएसटी दरें घटाने को लेकर अपनी रिपोर्ट जीएसटी परिषद को सौंप दी है। रिपोर्ट में टैक्स स्लैब के विलय के साथ जीरो जीएसटी वाले कुछ उत्पादों को कर के दायरे में लाने का सुझाव दिया गया है। जानकारों ने बताया कि बैठक में कपड़ों पर टैक्स की दर बढ़ाने के फैसले को टालने समेत कई मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। बजट से पूर्व 46वीं बैठक को कई मायनों में अहम माना जा रहा है। अधिकार संपन्न जीएसटी परिषद की बैठक ऑफलाइन होने जा रही है, लेकिन कोविड नियमों को देखते हुए प्रत्येक राज्य से केवल दो अधिकारियों को ही बैठक में भाग लेने की अनुमति है। जीएसटी परिषद की पिछली बैठक में फुटवियर और कपड़ा सेक्टर पर उल्टे कर ढांचे को ठीक करने के लिए इन दोनों क्षेत्रों के उत्पादों के लिए पहली जनवरी 2022 से जीएसटी दरों की स्लैब में फेरबदल करने का फैसला किया था। सरकार ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए जीएसटी वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा को बढ़ाकर 28 फरवरी कर दिया है। प्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने ट्वीट किया कि वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए फॉर्म जीएसटीआर-9 में वार्षिक रिटर्न और फॉर्म जीएसटीआर-9ष्ट में स्व-प्रमाणित समाधान विवरण प्रस्तुत करने की नियत तिथि बढ़ा दी गई है। जीएसटीआर-9 माल और सेवा कर (जीएसटी) के तहत पंजीकृत करदाताओं द्वारा वार्षिक रूप से दाखिल किया जाने वाला वार्षिक रिटर्न है।

# नए साल में एटीएम से लिमिट से अधिक रकम निकालने पर लगेगा अतिरिक्त चार्ज

**नई दिल्ली ।** नए साल का सभी को बेसब्री से इंतजार है। नया साल भी महंगाई के साथ ही शुरू हो रहा है। अगले महीने यानी साल 2022 से एटीएम से नगदी निकालना महंगा पड़ेगा। जी हांज अब ग्राहक के एटीएम से तय लिमिट से ज्यादा बार पैसे निकालने के बाद बैंक चार्जेज लगा सकते हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के दिशानिर्देशों के अनुसार एक्सिस बैंक या अन्य बैंक के एटीएम में मुफ्त सीमा से ऊपर का फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन करने पर 21 रुपए और जीएसटी देना होगा। ये संशोधित दरें 1 जनवरी, 2022 से प्रभावी होंगी। अगले महीने से ग्राहकों को मुफ्त लेनदेन की मासिक सीमा से अधिक होने पर 20 रुपए के जगह 21 रुपए प्रति ट्रांजेक्शन पर देने होंगे। आरबीआई ने कहा था कि ज्यादा इंटरचेंज चार्ज और जनरल कॉस्ट बढ़ने के कारण ट्रांजेक्शन पर चार्ज बढ़ाकर 21 रुपए करने की इजाजत दी है। ग्राहकों अपने स्वयं के बैंक एटीएम से हर महीने 5 मुफ्त लेनदेन (फाइनेंशियल और नॉन फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन) कर पाएंगे। ये वे मेट्रो शहरों में अन्य बैंक के एटीएम से तीन और गैर मेट्रो केंद्रों में पांच मुफ्त लेनदेन भी कर सकेंगे। इसके अलावा आरबीआई ने बैंकों को वित्तीय लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन इंटरचेंज शुल्क 15 रुपए से बढ़ाकर 17 रुपए और सभी केंद्रों में गैर वित्तीय लेनदेन के लिए 5 रुपए से 6 रुपए करने की इजाजत दी है। इसके अलावा 1 जनवरी से डेबिट और क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करने का तरीका बदल जाएगा। दरअसल, ऑनलाइन पेमेंट को और ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने नियमों में बदलाव किया है। अब ऑनलाइन पेमेंट करते समय आपको 16 डिजिट वाले डेबिट या क्रेडिट कार्ड नंबर समेत कार्ड की पूरी डिटेल्स भरनी होंगी। यानी अब ऑनलाइन शॉपिंग और डिजिटल पेमेंट के दौरान मर्चेंट वेबसाइट या ऐप आपके कार्ड की डिटेल स्टोर नहीं कर सकते। जो पहले से सेव जानकारी होगी, वह हटा दी जाएगी।

## नए साल-2022 में बढ़ेगा एआई

**नई दिल्ली ।** जाते हुए इस साल में फिनटेक दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित लेंडिंग का जोर रहा। पहले की जटिल प्रक्रियाओं के बजाय अब फिनटेक कंपनियां उपभोक्ताओं और कंपनियों को तुरंत कर्ज दे रही हैं। कर्ज लेना कभी एक लंबी प्रक्रिया हुआ करता था लेकिन तकनीक ने इसे आसान कर दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस की मदद से अब लेंडिंग की प्रक्रिया सिर्फ कुछ घंटों में हो रही है। लैंडिंग, अंडरराइटिंग, वितरण जैसी सभी प्रक्रियाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मदद कर रहा है।? यही कारण है कि लेंडिंग और लोन मैनेजमेंट से जुड़ी अधिकतर कंपनियां एआई और मशीन लर्निंग से जुड़े विशेषज्ञ की भर्ती कर रही है। ऐसी ही एक कंपनी है रेकर क्लब जो कंपनियों को कैपिटल मुहैया कराती है वो भी बिना किसी डेट या इक्विटी डाइल्यूशन के। कंपनी के फाउंडर्स आईआईटी, आईआईएम जैसी संस्थाओं से पढ़े हैं और अपनी तकनीकी योग्यता का इस्तेमाल लेंडिंग की प्रक्रिया को आसान बनाने में कर रहे हैं। कंपनियों के लिए ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया सिर्फ कुछ मिनटों में पूरी कर ली जाती है। केवाईसी, वित्तीय जानकारियां और रेकरिंग रेवेन्यू जैसी जानकारियां देते हीं सिस्टम कंपनी की वित्तीय सेहत का आकलन कर लेता है।

## 31 तक ईपीएफओ निवेशक आधार से लिंक हो, नहीं तो बंद हो जाएगा खाता

**नई दिल्ली ।** कमर्चारी भविष्य निधि खाता धारकों के लो अपने यूएएन को आधार से लिंक कराने के लिए 31 दिसंबर 2021 आखिरी तारीख है। ईपीएफओ निवेशकों को आधार लिंक करवाना जरूरी हो गया है। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो आने वाले दिनों में परेशानी हो सकती है और पीएफ खाता बंद हो सकता है। आप इन आसान स्टेप्स को फॉलो कर पीएफ खाते को आधार से लिंक कर सकते हैं। सामाजिक सुरक्षा संहिता की धारा 142 के तहत पीएफ खाते को आधार से लिंक करना अनिवार्य है। अगर आपका आधार आपके यूएएन से लिंक नहीं होगा तो आपका नियोक्ता आपके ईपीएफ खाते में मासिक पीएफ योगदान जमा नहीं कर पाएगा। इसके अलावा, जब तक लिंकिंग नहीं हो जाती, आप अपने ईपीएफ कोष से ऋण लेने या निकासी करने में सक्षम नहीं होंगे।










# नया आईफोन पर होगी बगैर सिम कार्ड के बात

**नई दिल्ली ।** एप्पल एक ऐसा आईफोन लेकर आ रहा है, जिसमें सिमकार्ड को लगाने के लिए कोई भी फिजिकल स्लॉट नहीं होगा। ये आईफोन के ई-सिम से चलेगा। इस फीचर को एपल कंपनी आईफोन 15 सीरीज में अपग्रेड कर सकती है। हालांकि, इस लेटेस्ट फीचर वाले स्मार्टफोन के लिए अभी आपको इंतजार करना पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक,कंपनी आपनी आईफोन 15 सीरीज को साल 2023 में लॉन्च कर सकती है। बता दें कि आईफोन 15 बिना सिमकार्ड स्लॉट के आने वाला पहला फोन हो सकता है।एपल इंक ने अपने आईफोन एक्सआर,आईफोन एक्सएस और आईफोन एक्सएस मैक्स को ई-सिम के साथ लॉन्च किया था। लेकिन अब चर्चा है कि कंपनी जल्द ही आईफोन से आईफोन से फिजिकल सिम कार्ड स्लॉट से छुटकारा पाने की योजना बना रही है। इसको लेकर एक ब्राजीलियन पब्लिकेशन ब्लॉग में लिखा गया है कि 2023 में आने वाले एपल आईफोन के प्रो मॉडल यानी कि आईफोन 15 प्रो में फिजिकल सिम कार्ड स्लॉट नहीं होगा। ये आईफोन कनेक्टिविटी के लिए पूर्ण रूप से ई-सिम टेक्नोलॉजी पर आधारित होगा। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि लंबे समय से एप्पल इसपर काम कर रहा है। साथ ही ब्लॉग में बताया कि ये न्यू फोन दो ई-सिम के साथ आएगा।

# राजनीतिक तौर पर मजबूत हुआ मुरैना, कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त निगम के 3 अध्यक्ष मनोनीत

**मुरैना।** लोकतांत्रिक भारत में मप्र के उत्तर में देश की सबसे स्वच्छ नदी मां चम्बल की गोद में स्थित मुरैना साल 2021 के जाते-जाते राजनीतिक तौर पर प्रदेश में पहली मर्तबा काफी मजबूती के साथ उभर कर सामने आया है। मप्र की स्थापना के बाद पहली दफा केन्द्र में ताकतवर एक मंत्री के साथ-साथ तीन कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त निगम के अध्यक्ष मुरैना को मिले हैं, जिस पर किसी भी मुरैनावासी को गर्व महसूस हो सकता है। अभी हाल ही में राज्य के चौथी बार मुख्यमंत्री बने शिवराज सिंह चौहान ने निगम मंडलों की सौगातों का पिटारा खोलते हुए जिले के दिग्गज नेता व पूर्व मंत्री व सुमावली क्षेत्र से विधायक रहे ऐदल सिंह कंषाना को एमपी एग्रो का अध्यक्ष तो मुरैना से पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना को पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष बनाया है, वहीं दिमनी से पूर्व विधायक व राज्यमंत्री रहे गिर्राज दंडोतिया को महत्वपूर्ण विभाग ऊर्जा विकास निगम का अध्यक्ष घोषित किया है। अब मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद व केन्द्र में कृर्षि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर सहित इन तीन निगम अध्यक्षों की मौजूदगी में मुरैना निश्चित ही राजनीतिक स्थिति में मजबूत हुआ है। हालांकि इससे पहले भी मुरैना को प्रदेश में मंत्री पद और निगम मंडलों में जगह मिल चुकी है लेकिन इतनी बड़ी तादाद में कभी नहीं मिली है।





अगर कांग्रेस शासित सरकारों को छोड़ दिया जाये जिसमें सिर्फ दो मर्तबा एक बार उपमंत्री राज्यमंत्री का पद मिला तो एक दफा राज्यमंत्री। मगर भारतीय जनता पार्टी और उसकी पूर्ववर्ती जनता पार्टी ने मुरैना जिले को हमेशा महत्वपूर्ण मानते हुए प्रदेश सरकार में उचित स्थान दिया है। पहली मर्तबा सन् 1977 में इंदिरा गांधी सरकार के पतन के बाद प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने वाली जनता पार्टी सरकार में मुरैना विधायक स्वर्गीय जबरसिंह बाबूजी को लोक निर्माण मंत्री तो ताकतवर नेता रहे स्वर्गीय जाहर सिंह शर्मा को संसदीय सचिव बनाया था। उसके बाद जब भी प्रदेश में भाजपा सरकार बनीं उसमें ज्यदातर में मुरैना का प्रतिनिधित्व कैबिनेट मंत्री के रुप दर्ज किया जाता रहा। दिमनी से ही विधायक रहे मुंशीलाल दो दफा कैबिनेट मंत्री तो मुरैना से विधायक रहे पूर्व आईजीपी रुस्तम सिंह भी दो दफा महत्वपूर्ण कैबिनेट मंत्री रहे व कांग्रेस के दिग्गज ज्योतिरादित्य सिंधिया के इसी साल मार्च में पाला बदलने के बाद भाजपा की सरकार बनाने वाले विधायक ऐदल सिंह कंषाना को शिवराज सिंह ने कैबिनेट मंत्री बनाया तो गिर्राज दंडोतिया को राज्यमंत्री के पद से नवाजा था। बहरहाल नेता विहीन होने का वर्षों से दंश झेल रहे मुरैना को अब इन नये नवेले तीन निगम मंडल अध्यक्षों से काफी आशाएं व उम्मीद हैं। वे अगर ठान लें तो मुरैना को सर्वमाण्य नेता देने का सच्चा प्रयास कर सकते हैं? चूंकि मुरैना भी प्रदेश के अन्य तमाम जिलों की तरह मूलभूत समस्याओं से दो-चार हो रहा है। ऐसे में मंत्री पद का दर्जा प्राप्त ये तीन नेता अपने प्रयासों मुरैना की तकदीर और तश्वीर बदल सकते हैं। मगर इनको जनता के साथ-साथ खुद भी याद रखना होगा कि अब मुरैना पहली मर्तबा राजनीतिक तौर इतना सशक्त और मजबूत पहली बार हुआ है।



## आचार्य आनंद टीम ने चलाया मास्क जागरूकता अभियान

**अम्बाह।** कोरोना के नए वेरिएंट के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए आज आचार्य आनंद टीम द्वारा विद्यार्थियों के माध्यम से मास्क लगाओ जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए आचार्य आनंद क्लब के अध्यक्ष डॉ सुधीर आचार्य ने कहा कि कुछ दिन से कोरोना के नए वेरिएंट के केस देश में बढ़ने लगे हैं। इन्हें ध्यान में रखते हुए हमें अपने अंचल में सजगता और सावधानी बरतनी होगी और इसके लिए आवश्यक है कि हम बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकले, बाहर निकलते समय मास्क का अवश्य प्रयोग करें तथा अपने साथियों व परिवारी जनों को भी मास्क प्रयोग के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर राज्य आनंद संस्थान के समन्वयक बालकृष्ण शर्मा अरविंद मावई, दुष्यंत तोमर, बिंदुसार सिंह तोमर, महेंद्र सखवार, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अंकित मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे। संचलन और आभार विश्वनाथ गुर्जर ने किया।

## ग्राम उमराव का पुरा में पशु चिकित्सों ने पशुओं में कराया वैक्सीनेशन

**मुरैना।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक डॉ. आरके त्यागी ने बताया कि गत दिवस को ग्राम उमराव का पुरा ग्राम पंचायत खेडा हुसेनपुर में मवेशियों की बीमारी की सूचना के उपरांत उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशु चिकित्सकों की टीम का गठन कर ग्राम उमराव का पुरा में भेजा। टीम द्वारा मौके पर बीमारी का पता ज्ञात करने के लिये एक भैंस का शव विच्छेदन किया गया। पोस्टमार्टम के बाद ग्राम में घर-घर जाकर दवा वितरण एवं पशुओं का उपचार किया गया। प्रभावित पशुओं के सेम्पल लेकर जिला पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला मुरैना में भेजा गया।

# जन शिक्षण संस्थान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

**भिण्ड।** कौशल विकास एंव उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार के जन शिक्षण संस्थान निदेशालय के अन्तर्गत जन शिक्षण संस्थान भिण्ड द्वारा कार्यालय परिसर वीरेन्द्र बाटिका पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव में अधिकाधिक सहभागिता को ध्यान में रखते हुये जन शिक्षण संस्थान भिण्ड शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो में रंगोली मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, लोरी व देशभक्ति गीत लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रो पर कर रहा है। आयोजित प्रतियोगिता में 32 प्रशिक्षणार्थियो ने सहभागिता की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि देवेन्द्र सिंह चौहान उपस्थित रहे।

सभी लाभार्थियो ने विभिन्न प्रकार की रंगोलियॉ बनाई व मुख्य अतिथि ने रंगोली का अवलोकन कर छात्राओ की प्रशंसा की। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक संजय राजौरिया



द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर बोलते हुये बताया गया कि इस वर्ष हम आजादी के 75 बर्ष पूर्ण होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाकर गौरवान्वित हो रहे है। इस अमृत महोत्सव में अधिक से अधिक सहभागिता के साथ हम अपने आसपास स्वच्छता का ख्याल रखे व कोविड के नये बैरियंट के प्रति सजग रहते हुये सावधानी रखे। इस अवसर पर जन शिक्षण संस्थान भिण्ड के निदेशक संजय राजौरिया, कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे, मनोज कुमार सहायक कार्यक्रम अधिकारी दिनेश शर्मा, अंजली शर्मा, लेखपाल अमित शर्मा, लिपिक अजय सिहं कुशवाह, कम्पयूटर ऑपरेटर जितेन्द्र शर्मा, जय प्रकाश, रामवीर, प्रशिक्षिका श्रीमती मिथलेश सोनी, अनीता श्रीवास्तव, अख्तरी बेगम, सविता श्रीवास, मधू व प्रतियोगी छात्राओं ने सहभागिता की।

## ग्वालियर चंबल अंचल में पुष्टिमार्ग के पोशक आचार्य श्री पुरुषोत्तम लाल जी के प्राकट्य का उत्सव आज



**मुरैना।** पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय के प्रवर्तक महाप्रभु श्री वल्लभाचार्यजी के वंशवतांश श्री पुरुषोत्तम लाल जी महाराज श्री के प्राकट्य उत्सव के अवसर पर मुरैना गांव स्थित नवनिर्मित श्री पुरुषोत्तम धाम हवेली पर नित्य लीलास्थ गोस्वामी श्री पुरुषोत्तम लाल जी महाराजश्री के प्राकट्य उत्सव का आयोजन 31 दिसंबर सोमवार को है। यह उत्सव कड़ी कोटा के आचार्य श्री गोवर्धनेश जी महोदय ( दर्शन कुमारजी ) के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सभी वैष्णव जन भाग लेंगे। ग्वालियर चंबल अंचल के समस्त वैष्णव जन के लिए यह उत्सव बड़े ही महत्व का है क्योंकि इस समूचे अंचल में वैष्णव सृष्टि का निर्माण और पोषण आचार्य श्री पुरुषोत्तम लाल जी महाराजश्री के द्वारा किया गया था इसलिए अंचल के समस्त वैष्णव के यह उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाते है और इसकी व्यापक तैयारियां की जा चुकी है। समस्त वैष्णव से विनम्र आग्रह है कि आचार्य श्री के प्राकट्य उत्सव में श्रीपुरुषोत्तमधाम मुरेना गांव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर दर्शन एवं आनंद का लाभ प्राप्त करें।

## ताला तोड़कर सीमेंट के कट्टे ले गए, अब दे रहे धमकी

**मुरैना।** अंबाह थाना क्षेत्र के हिनावर्ली गांव में 16 दिसंबर को आरोपी लाखन पुत्र बलराम, वीरू पुत्र धनीराम, विजय पत्र धनीराम, दाताराम पुत्र लालजीत, कोक सिंह पुत्र सुल्तान सिंह जाति सखवार, किरावली निवासी श्रीमती सुनीता



पत्नी सुभाष सखवार के घर पर आए और कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी 25 बोरी सीमेंट को उठाकर ले जाने लगे। सुनीता एवं उसके ससुर ने विरोध किया तो आरोपियों ने धमकी दी, जिस कारण वह रिपोर्ट करने थाने नहीं गई। अब आरोपियों द्वारा लगातार धमकाया जा रहा है, जिससे परेशान होकर पीड़ित महिला ने अंबाह थाने में उक्त आरोपियों पर कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है।

# युवा कांग्रेस करेगी बूथ को मजबूत, एक बूथ पर पांच यूथ

**मुरैना।** भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मध्य प्रदेश की संपूर्ण 230 विधानसभाओं में एक बूथ पांच यूथ कार्यक्रम को जारी किया गया। इसी कार्यक्रम के उपलक्ष्य में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव शेषनारायण ओझा ने मुरैना जिला युवक कांग्रेस की बैठक होटल शिवाय में संबोधित की। कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रवि उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधानसभाओं के बूथ को मजबूत करने के लिए प्रत्येक बूथ पर 5 युवाओं की जवाबदारी तय की गई। पांच यूथ मिलकर अपने बूथ को मजबूत करेंगे, जिसमें वोटर लिस्ट को चेक करने के अलावा कांग्रेस की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने एवं भाजपा की भ्रष्ट निकम्मी सरकार और वादा खिलाफी को जन-जन पहुंचाना खास



मकसद रहेगा। बैठक में मुरैना विधायक राकेश मावई ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा कांग्रेसी कार्यकर्ता ही भविष्य के नेता बनते हैं। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुर्जर कहा कि अगर युवा ठान लेंगे तो अगले विधानसभा चुनाव में निश्चित रूप से मध्यप्रदेश में कांग्रेसी सरकार बनेगी। शहर कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि मैं बूथ पर बैठकर कांग्रेस का झंडा उठाकर आज शहर का अध्यक्ष बन सका हूं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पंकज उपाध्याय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ताओं को महत्व मिलता है मुझ जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता को पार्टी ने विधानसभा का चुनाव लड़ाया। निश्चित रूप से आप सब में भविष्य के विधायक सांसद मंत्री मौजूद है। मुरैना के प्रभारी कुलदीप शर्मा विक्रम राज मुद्गल, राकेश परमार, विधायक प्रतिनिधि रविंद्र मावई आदि नेताओं ने संबोधित किया। इस अवसर पर राजेंद्र यादव, सौरभ सोलंकी, रामदास राठौर, मेहताब मावई, ललित कुशवाहा, दशरथ प्रजापति, गोपाल कृष्ण डंडौतिया, रामस्वरूप बाबूजी, मनोज सागर, हर्ष कंसाना के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष रवि उपाध्याय ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों का आभार प्रकट करते हुए बताया कि कार्यक्रम का आयोजन जिले की संपूर्ण 6 विधानसभा में किया जा रहा है, जिसके क्रम में जौरा, सुमावली, मुरैना की बैठकों का आयोजन किया गया।

# वीरमपुरा की घटना को लेकर भीम आर्मी ने दिया ज्ञापन

**मुरैना।** बागचीनी थाना क्षेत्र के वीरम पुरा में सवर्ण समाज के लोगों द्वारा एक दलित के घर में घुसकर बंदूक कट्टा से फायर कर 3-4 लोगों को घायल कर दिया और सामान जला दिया। घटना के पश्चात आरोपियों द्वारा पुलिस से सांठगांठ कर ट्रोमा सेंटर ग्वालियर भर्ती दलित के विरुद्ध ही हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करा दिया। इस मामले को लेकर भीम आर्मी ने डीजीपी, गृहमंत्री, आईजी आदि अधिकारियो को ज्ञापन भेजकर कार्यवाही कर दोषियों को सजा दिलाने की बात कही है।



भीम आर्मी ने भोपाल भेजे ज्ञापन में कहा है कि घटना के दिन 22 दिसंबर को लंकेश शर्मा द्वारा कुछ लोगों के साथ आकर काशीराम जाटव 28 वर्ष के घर में घुसकर मारपीट की एवं बंदूक कट्टा से फायर कर काशीराम, मोहर सिंह, पुरुषोत्तम, नरेश आदि को घायल कर दिया तथा घर जला दिया। मौके पर पुलिस भी पहुंची थी तथा घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। गंभीर घायल काशीराम को ग्वालियर रेफर किया गया, जो ट्रॉमा सेंटर में भर्ती है। घटना वाले दिन आरोपीगणों में किसी को गोली नहीं लगी थी और ना ही कोई घायल हुआ था, लेकिन बाद में पुलिस से सांठगांठ कर लंकेश शर्मा ने अपने ऊपर कट्टे से फायर कर काशीराम एवं अन्य लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करा दिया, जिससे कि प्रकरण में राजीनामा हो जाए। भीम आर्मी ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर कार्यवाही की मांग की है।

# घर में घुसकर चोरी करने वाले आरोपीगण को 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** घर में घुसकर चोरी करने के मामले में न्यायालय श्रीमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपीगण सुरेन्द्र उर्फ करूआ पुत्र नरोत्तम सिंह गुर्जर उम्र-35 वर्ष निवासी बमरोली जिला धौलपुर, विद्या उर्फ विद्याराम गुर्जर पुत्र रघुवीर गुर्जर उम्र 35 वर्ष, निवासी समेडी जिला ग्वालियर, नरेश पुत्र पंछी गुर्जर उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम रजाने धीमहि जिला धौलपुर को धारा 457 भादवि में दोषी पाते हुये 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000-2000 रूपये के अर्थदण्ड एवं धारा 380 भादवि में 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000-2000 रूपये (कुल 12,000 रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/ सहायक मीडिया सेल प्रभारी



श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि 22 जनवरी 2009 को फरियादी बच्चूसिंह ने पुलिस थाना सिटी कोतवाली मुरैना में उपस्थित होकर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि उक्त दिनांक की बीती रात्रि को वह अपने परिवार के साथ कमरे में सोया हुआ था। सुबह करीब 06 बजे जब उसका भाई दूसरे मकान से आया, तो उसने घर में घुसते ही देखा कि जीने के गेट खुले हुये थे और उसकी कुंदी टूटी हुई थी, फिर हमें शंका होने पर हमने कमरे में जाकर देखा तो बडे बक्शे पर रखा सूटकेश नहीं मिला, बैठक में जाकर देखा तो उसमें टंगे हुये कपडे नीचे पडे हुये मिले, जिसमें रखे हुये रूपये नहीं मिले, फिर उपर छत पर जाकर देखा तो सूटकेश टूटा हुआ मिला, सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रूपये जो सूटकेश में रखे हुये थे, नहीं मिले, जिन्हें कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गया। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से थाना सिटी कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध किया गया, विवेचना के दौरान संदेह के आधार पर आरोपीगण को पकडा गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## भारत-नेपाल बेहतरी की ओर

भारत-नेपाल पड़ोसी राष्ट्र ही नहीं हैं, बल्कि दोनों देशों में रोटी-बेटी का भी संबंध है। इस कारण दोनों के बीच अटूट रिश्ता है। बीच में नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के चीन की ओर झुकाव ने भारत-नेपाल के बीच कटुता ला दी थी। मगर अब देउबा के सत्ता में आने के बाद नेपाल फिर से संबंधों में मिठास लाने की ओर बढ़ रहा है। राजनीतिक उथल पुथल और कोरोना वायरस महामारी से घिरे साल 2021 में नेपाल भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को फिर से बेहतर करने की कोशिश में है। भारत ने कोरोना काल में नेपाल को 10 लाख से अधिक कोरोना के टीके गिफ्ट किए थे। कोरोना के अलावा भारत ने 2015 में आए विनाशकारी भूकंप के दौरान क्षतिग्रस्त हुए शैक्षणिक संस्थानों के पुनर्निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तौर पर 19.66 करोड़ रुपए का अनुदान दिया था। इसके साथ ही भारत ने शैक्षिक क्षेत्र के पुनर्निर्माण प्रोजेक्ट्स के लिए नेपाल को 51.37 करोड़ की सहायता की है। नेपाल ने लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को भारत का हिस्सा दिखाए जाने का भारी विरोध किया था। काठमांडू ने इस क्षेत्र पर भारत के दावों को मानने से साफ इनकार कर दिया था। नेपाल ने घरेलू राजनीतिक मोर्चे पर भी टॉप लीडरशिप में बदलाव देखा। नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा एक महीने के हाई-वोल्टेज ड्रामा के बाद जुलाई में रिकॉर्ड पांचवीं बार पीएम बने थे। 19 नवंबर को मध्यावधि चुनाव होने थे लेकिन देउबा ने प्रतिनिधि सभा ने विश्वास मत हासिल कर लिया था। पीएम बनने के बाद देउबा ने पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया था और इतिहास, संस्कृति, परंपरा और धर्म के सदियों पुराने संबंध पर स्थापित द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की बात कही थी। पीएम रहते हुए केपी शर्मा ओली ने लगातार भड़काने वाले बयान दिए। उन्होंने कहा था कि योग की उत्पति नेपाल में हुई थी न कि भारत में। इसके बाद उन्होंने कहा कि भगवान राम का जन्म नेपाल के चितवन जिले के मादी क्षेत्र में हुआ था न कि भारत के अयोध्या में। नेपाल के विदेश मंत्री रहे प्रदीप ग्यावली ने भारत नेपाल के बिगड़ते संबंधों को लेकर कहा था कि नेपाल और भारत के बीच ऐसा कोई मुद्दा नहीं है जिसे बातचीत के माध्यम से हल नहीं किया जा सकता है। दोनों मित्र देश हैं न कि प्रतिस्पर्धी। देउबा के सत्ता में आने के बाद दोनों पक्षों के बीच कई दौर की बातचीत हो चुकी है। अक्टूबर की शुरुआत में नेपाली कांग्रेस के टॉप नेता दिल्ली पहुंचे थे जहां विदेश मंत्री जयशंकर और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ बैठक हुई थी। इसके बाद भाजपा के विदेश मामलों के विभाग के प्रमुख विजय चौथेवाले काठमांडू पहुंचे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान दोनों देशों के विदेश मंत्री मिले। ग्लासगो में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के दौरान मोदी और देउबा भी मिले थे। ऐसे में विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत और नेपाल द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने पर कर लगातार काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में जनवरी 2022 में देउबा भारत के दौरे पर आ रहे हैं। वर्तमान प्रधानमंत्री को लोग भारत समर्थक मान रहे हैं। साथ ही सभी दलों ने भी भारत के साथ मिलकर नेपाल के विकास के लिए काम करने की बात कही है। यही कारण है कि कोरोना के नाम पर 18 माह से भारत नेपाल सीमा बंद होने के कारण दोनों ओर से आम नागरिकों की आवाजाही नहीं के बराबर है। सभी लोग सीमा खुलने का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं लेकिन नेपाल में सत्ता परिवर्तन के बाद नए प्रधानमंत्री के तौर पर शेरबहादुर देउबा के कमान संभालते ही बंद सीमा खुलने तथा संबंधों में मधुरता आने के कयास लगाए जाने शुरू हो गए हैं।

# पंचम अंतरराष्ट्रीय मेरठ लिटरेचर फेस्टिवल सम्पन्न

**श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

देश विदेश में साहित्य हुआ बुलंद!

साहित्य, कला व संस्कृति को समर्पित क्रान्तिधरा साहित्य अकादमी - मेरठ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पंचम मेरठ लिटरेचर फेस्टिवल में समस्त भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, कनाडा, रूस, अमरीका, ईथोपिया, तंजानिया, आबूधाबी, ओमान, बैंकॉक, आस्ट्रेलिया व बेल्जियम के साहित्यकारो ने अन्य सभी भाषाओं के साहित्य के साथ साथ हिंदी साहित्य को विभिन्न देशों की सीमाओं के बंधन से परे जाकर उसे बुलंद करने का संकल्प लिया। 24 दिसंबर को उद्घाटन सत्र में कवयित्री सुषमा सवेरा की सरस्वती वंदना से शुरू हुए इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मेरठ लिटरेचर फेस्टिवल में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार व सामाजिक विभूति डा सुबोध गर्ग तो मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डा अशोक मैत्रेय रहे ,वरिष्ठ साहित्यकार डा सुधाकर आशावादी की अध्यक्षता व विशिष्ट अतिथि के रूप में सुभारती विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रशासन डा विवेक कुमार, नेपाल से गणेश प्रसाद लाठ , राधेश्याम लेकाली , उत्तराखंड से डा. श्रीगोपाल नारसन रहे ।मुख्य आयोजक डॉ विजय पंडित ने बताया कि यह आयोजन ÷वसुधैव कुटुंबकम÷ और राष्ट्रीय विचारधारा की भावना के तहद गंगा-जमुनी तहज़ीब को विश्व पटल पर लाने का एक प्रयास है।

मेरठ लिटरेचर फेस्टिवल का लक्ष्य एक दुसरे लेखन से रूबरू कराना , साहित्यिक अनुवाद , प्रकाशन , विचारों के आदान प्रदान , परस्पर सहयोग की भावना , पठन पाठन व् साहित्य के दायरे का विस्तार के साथ दिलों से दिलों को जोड़नें के लिए एक सशक्त साहित्यिक सेतु का निर्माण करना है।आयोजन के दूसरे सत्र में लघुकथा वाचन सत्र रहा जिसमें आमंत्रित अतिथि नन्दिनी रस्तोगी नेहा मेरठ, राजेन्द्र पुरोहित, जोधपुर, रवि श्रीवास्तव, पटना, विभा रश्मी, गुडगाँव, रजनीश दीक्षित, ओमान, सन्ध्या गोयल सुगम्या, गाजियाबाद, अलका वर्मा, पटना, डॉ मीना कुमारी परिहार,मान्या, पटना, अनिता रश्मी, राँची , रानी सुमिता पटना से शामिल रहे, लघुकथा सत्र संचालन विभारानी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। तृतीय सत्र कविता को समर्पित रहा जिसमें युवाओं, नवांकुर व वरिष्ठ कलमकारों की सहभागिता रही , प्रतिभा बिलगी प्रीति, कर्नाटक , प्रदीप देवीशरण भट्ट हैदराबाद, संतोष बंसल दिल्ली , महेश कुमार शर्मन पंजाब, पारू तिमिल्सिना काठमांडू नेपाल , संजय कुमार शर्मा मेरठ,सुषमा सवेरा मेरठ, मुक्ता शर्मा मेरठ, डा शिल्पी बक्शी शुक्ला लखनऊ,कुंवर वीरसिंह मार्तंड कोलकाता, मनीष शुक्ला लखनऊ , रमा निगम भोपाल, पूनम पंडित जैसी ख्यातिप्राप्त विभूतियों ने काव्यपाठ किया ।

अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन सत्र का संचालन युवा कवि नितीश कुमार राजपूत द्वारा किया गया ।

क्रांतिधरा मेरठ से पंचम अंतरराष्ट्रीय मेरठ लिटरेचर फेस्टिवल के रूप में हुआ साहित्यिक क्रांति का आगाज़ ।

तीन दिवसीय पंचम मेरठ लिटरेचर फेस्टिवल के द्वितीय दिवस में प्रथम सत्र मे साक्षात्कार सत्र आयोजित किया गया ,

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डा महावीर अग्रवाल पूर्व कुलपति उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय और वर्तमान में प्रति कुलपति पंतजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार, उत्तराखंड रहे, सत्र संचालन श्रीगोपाल नारसन द्वारा किया गया । आयोजन के दूसरे सत्र साहित्य की हाईकु विधा को समर्पित रहा जिसका संचालन आभा खरे द्वारा किया गया और जगदीश व्योम, नौएडा, पवन जैन, लखनऊ, राजेन्द्र पुरोहित, जोधपुर , मधु गोयल, लखनऊ , मीनू खरे, लखनऊ , अलंकार आच्छा, चेन्नई, सुरंगमा यादव, लखनऊ , पीयूष चतुर्वेदी, मुम्बई, चेतना भाटी, इन्दौर, शेख शहजाद उस्मानी, शिवपुरी की सहभागिता रही । तृतीय सत्र पर्यावरण विमर्श रहा जिसका संचालन संजय कश्यप द्वारा किया गया जोकि सेंटर फॉर वाटर पीस के निदेशक है और गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गैल इंडिया) के भी निदेशक हैं । पर्यावरणविद् पिनाकी दासगुप्ता आईआईटी दिल्ली के पर्यावरण शोधकर्ता हैं।

डॉ रोशन आरा श्रीनगर में कश्मीर विश्वविद्यालय में महिला सम्बन्धी विषयों



की प्रोफेसर हैं। सजल श्रीवास्तव जल विषयों व शहरीकरण के परामर्शदाता व शोधकर्ता हैं।श्रीमती इनोचा कांगबम भारत के नार्थ ईस्ट राज्य मणिपुर से आती हैं। जिला परिषद की सदस्य व इंटीग्रेटेड रूरल वेलफेयर एसोशिएशन की सचिव हैं । श्रीमती मीनाक्षी अरोडा भारत सरकार के ज्ञान आयोग द्वारा गठित इंडिया वाटर पोर्टल सदस्य सहित सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने अपने विचार रखें । आज के चतुर्थ सत्र आलीमी मुशायरा सत्र रहा जिसका का संचालन शाहिद मिर्जा शाहिद ने किया और मुख्य अतिथि डा के.के.बेदिल रहे ।

अनुराग मिश्र गैर ने सुनाया कि ..
लगाकर आग पानी ढूंढते हैं,
तबाही में कहानी ढूंढते हैं।
पुरानी इक हवेली में परिन्दे,
अभी तक दाना पानी ढूंढते हैं।

दिलदार देहलवी ने सुनाया ..
सारे नापाक अदालत से बरी हो गए हैं
क्या गुनहगार किसी पाक में ढूंढा जाए
चापलूसों में यही चीज़ नहीं है दिलदार
आजकल सच किसी बेबाक में ढूंढा जाए ।

कपिल कुमार बेल्जियम ने अपनी गज़ल से समां बांध दिया उन्होंने कहा .. छानी है ख़ाक मैंने सारे जहान की सुनाऊँ फिर भी गाथा भारत महान की,अब हिंदी और उर्दू जुबां का मैं तुमसे क्या कहूँ,गई न मुँह से चाशनी मिठी जुबान की,पश्चिम की नुमाइशें दौलत भी देख ली,पर गई न दिल से सादगी हिंदुस्तान की। माहिर निजामी, बैंकॉक से, जनाब फख़री मेरठी, मधु मधुबन, रियाज सागर, सपना अहसास, रिजवान अली रिजवान, डा सरोजिनी तनहा ने शिरक़त की और अपने कलाम सुनाएं । मेरठ लिटरेचर फेस्टिवल के तृतीय दिवस आयोजन के साथ ही क्रांतिधरा मेरठ को साहित्यिक नगरी के रूप में प्रतिष्ठित करने के संकल्प के साथ मेरठ लिटरेचर फेस्टिवल का पांचवां संस्करण संपन्न हुआ । साहित्य, कला व संस्कृति को समर्पित क्रान्तिधरा साहित्य अकादमी , मेरठ द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पंचम मेरठ लिटरेचर फेस्टिवल के तृतीय दिवस में प्रथम सत्र मे पुस्तक परिचर्चा सत्र आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रूडकी, उत्तराखंड से वरिष्ठ साहित्यकार व राष्ट्रीय साहित्य अकादमी के पूर्व सदस्य डा योगेन्द्रनाथ शर्मा अरूण रहे, इस अवसर पर डा योगेन्द्रनाथ शर्मा अरूण ने कहा कि साहित्य किसी भी भाषा में लिखा जाए वह देश दुनिया को आपस में जोडना सिखाता है । प्रथम सत्र का संचालन वरिष्ठ पत्रकार श्रीगोपाल नारसन द्वारा किया गया ।

मेरठ लिटरेचर फेस्टिवल आयोजन के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय में सहायक निदेशक डा रघुवीर शर्मा रहे उन्होंने अपने उद्बोधन मे पंक्तियां सुनाई ,

कितने दिनों के बाद मुलाकात हुई है,
आँखों से मेरे अश्क की बरसात हुई है
तुम आज जब मिले तो यादों में डूबकर
इतना भी भूल गए, आधी रात हुई है

विशिष्ट अतिथि के रूप में देश विदेश में विख्यात आध्यात्मिक गुरु व लेखक आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने कहा कि प्रत्येक रचना समाज के लिए एक संदेश लिए होनी चाहिए, जापान से लेखिका रमा शर्मा ने कहा कि भविष्य में वह जापान में इंडो जापान लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन क्रांतिधरा साहित्य अकादमी के साथ मिलकर आयोजित करेंगी ।मेरठ के जानेमाने समाजसेवी प्रशांत कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि मेरठ लिटरेचर फेस्टिवल आयोजन से मेरठ परिक्षेत्र की देश विदेश में एक नई पहचान बन रही है ।

## जाल हैं राग और द्वेष

परमानंद को समझा नहीं जा सकता और उसे पाना भी अत्यंत कठिन है। कई जीवन कालों के बाद परमानंद की प्राप्ति होती है और एक बार पाने पर इसे खोना तो और भी कठिन है। जीवन में तुम्हें तलाश है केवल परमानंद की- अपने स्रोत के साथ तुम्हारा दिव्य मिलन और संसार में बाकी सबकुछ तुम्हें इस लक्ष्य की प्राप्ति से विचलित करता है। असंख्य कारण, विभिन्न तरीकों से तुम्हें उस लक्ष्य से विमुख करते हैं; लाख बहाने, जो न समझे जा सकते हैं, न बताए जा सकते हैं, तुम्हें घर नहीं पहुंचने देते। राग और द्वेष से मन चंचल रहता है। केवल जब मन शांत होता है, तब परमानंद उदित होता है। परमानंद वास है दिव्यता का, सभी देवों का। केवल मानव शरीर में ही इसे पाया जा सकता है, अनुभव किया जा सकता है। एक बार मानव जीवन पाकर, तथा इस मार्ग पर आकर भी यदि तुम्हें यह समझ में नहीं आता, तो तुम बड़े नुकसान में हो। राग और द्वेष तुम्हारे हृदय को कठोर बनाते हैं। यदि हृदय में रूखापन है तो केवल व्यवहार में विनम्रता होने से कोई लाभ नहीं। संसार को यह परवाह नहीं कि तुम अंदर से कैसे हो। संसार केवल तुम्हारा बाहरी व्यवहार देखता है। परंतु, ईश्वर को यह परवाह नहीं कि तुम बाहर से कैसे हो- वे केवल तुम्हारे अंदर देखते हैं। थोड़ा-सा भी राग या द्वेष का अंश कभी भी अपने दिल में मत बसाओ। इसे तो गुलाब के फूल की तरह रहने दो- ताजा, कोमल और सुगंधित। यह कैसा भ्रम है- तुम किसी व्यक्ति या वस्तु को नापसंद करते हो, और यह तुम्हारे हृदय को कठोर बनाता है। और इस कठोरता को निर्मल होने में बहुत समय लगता है। राग और द्वेष ऐसे जाल हैं जो तुम्हें अनमोल खजाने से दूर रखते हैं।

# श्री कैलाश सत्यार्थी द्वारा 2021 में बच्चों के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्य

**कैलाश सत्यार्थी**
**मै नहीं मानता कि गुलामी की बेड़ियां**
**आज़ादी की चाहत से ज्वादा मजबूत होती हैं - कैलाश सत्यार्थी**

वर्तमान में दुनिया की स्थिति यह है कि उसके जितने भी गरीब नागरिक हैं उसकी आधी से अधिक आबादी बच्चों की है। कोरोना महामारी के प्रकोप का दुष्परिणाम यह है कि बच्चे अप्रत्याशित रूप से गरीबी और बाल श्रम के दलदल में धंसने को मजबूर हुए हैं। लॉकडॉउन और आर्थिक संकट के चलते भारत सहित दुनिया में करोडों लोग बेरोजगार हुए और पलायन के लिए मजबूर हुए हैं। उनके बच्चों का बचपन असुरक्षित हो गया है। ऐसे में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित बाल अधिकार कार्यकर्ताश्री कैलाश सत्यार्थी ने बच्चों के बचपन को सुरक्षित बनाने के लिए वैश्विक नोताओं और नोबेल पुरस्कार विजेताओं सहित सिविल सोसायटी संगठनों, यूनियनों, छात्र संगठनों और युवाओं को एकजुट कर आंदोलन चलाया।उन्होंने महामारी के दौरान आगे बढ़कर देश-दुनिया के बड़े और महत्वपूर्ण प्लेटफार्मों पर बच्चों की दुर्दशा कोउजागर किया और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने पर बल दिया है। जिससे कोविड संकट में बच्चे एक मुद्दा बने। इसके बाद तमाम अंतरराष्ट्रीय एजंसिया और सरकारें सक्रिय हुईं और बच्चों के लिए नीतिया और योजनाएं बनीं। उनके द्वारा बच्चों के हित में कुछ प्रमुख कार्य इस प्रकार है...

**फेयर शेयर टू इंड चाइल्ड लेबर अभियानः** कोरोना महामारी से उत्पन्न सामाजिक और आर्थिक संकटों ने बाल श्रमिकों की संख्या में अभूतपूर्व रूप से बढ़ोतरी की है। श्री कैलाश सत्यार्थी के नेतृत्व में बाल श्रम को समाप्त करने के लिए दुनियाभर के नोबेल पुरस्कार विजेताओं, वैश्विक नेताओं, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और अन्य अतंरराष्ट्रीय संस्थाओंने ÷फेयर शेयर टू इंड चाइल्ड लेबर÷अभियान की शुरुआत की। फेयर शेयर टू इंड चाइल्ड लेबर अभियान का लक्ष्य बच्चों के लिए दुनियाभर के संसाधनों, नीतियों और सामाजिक सुरक्षा में उनकी आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी की मांग है। कोरोनाकाल में पैदा हुए आर्थिक संकट से उबरने के लिए अमीर देशों ने जो अनुदान दिया है उसमें भी बच्चों की हिस्सेदारी के लिए अभियान चलाया। दुनियाभर के बच्चों के लिए इस अभियान काइतना महत्व है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिवएंटोनियो गुटेरस, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के महानिदेशक गाय राइडर, विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक श्री टेड्रोस घेब्रायसे,स्वीडन के प्रधानमंत्री स्टीफन लोफवेन, अंतर संसदीय संघ के महासचिव मार्टिन चुंगॉन्ग, यूएन सस्टेनेबल डिवेलपमेंट सोल्यूशन्स नेटवर्क के अध्यक्ष जैसे वैश्विक नेताओं ने इसका पुरजोर समर्थन किया है।

**स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार बनाने की मांग कीः** भारत और दुनियाभर में महामारी की घातक दूसरी लहर के बाद श्री कैलाशसत्यार्थी ने भारत सरकार से स्वास्थ्य देखभाल के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाने का आग्रह किया। उन्होंने इसके लिए बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा की जरूरतों की पूर्ति के लिए पर्याप्त बजटीय आवंटन करने की मांग की। श्री सत्यार्थी की इस मांग की अहमियत को समझते हुए कई सांसदों नेइसका समर्थन किया। राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने श्री सत्यार्थी की इस मांग को इतना महत्वपूर्ण माना कि उन्होंने तुरंत केंद्र से स्वास्थ्य के अधिकार को संविधान के मौलिक अधिकार का हिस्सा बनाने की वकालत कर दी।

**महामारी से अनाथ हुए बच्चों को तत्काल कानूनी और मानसिक सहायता उपलब्ध कराईः** श्री कैलाश सत्यार्थी महामारी में अनाथ हुए बच्चों की संख्या को उजागर करने वाले पहले व्यक्ति थे। महामारी की दूसरी लहर में हजारों बच्चों ने अपने माता-पिता को खो दिया और वे अनाथ हो गए। श्री सत्यार्थी के नेतृत्व में उनके संगठनोंकैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन (केएससीएफ)और बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए)ने बच्चों और उनके अभिभावकों को तत्काल कानूनी और मानसिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए 24 घंटे का हेल्पलाइन नम्बर शुरू किया। साथ ही सरकार से उन्हें आर्थिक सहायता देने की भी मांग की। इसके बाद सरकार ने कोरोना महामारी से अनाथ बच्चों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए।

# लोकतंत्र को कलंकित करने वाला वर्ष....?

### सूडोकू नवताल- 5938

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -5937 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

**ओमप्रकाश मेहता**

हमें 'अलविदा' कहकर जाने वाले वर्ष 2021 को निष्पक्ष समीक्षा यदि की जाए तो यह वर्ष किसी भी दृष्टि से 'शुभ' साबित नहीं हुआ, दुनिया ने जहां पूरे वर्ष 2020 की तरह ही 'कोरोना' का दंश झेला, वहीं विश्व के लोकतंत्री देशों के लिए भी यह वर्ष काफी 'दागदार' सिद्ध हुआ। यदि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्री देश हमारे भारत की ही बात करें, तो भारत में तो इस वर्ष की शुरूआत ही हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के अपमान से हुई थी, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली के लाल किले पर जो कुछ हुआ, उस घटना ने भारत का सिर शर्म से झुका दिया, उस दिन किसानों के एक कथित समूह ने हमारी धरोहर लाल किले में प्रवेश कर जो कुछ भी कृत्य किया, वह पूरे देश के लिए काफी लज्जाजनक था, तिरंगे का अपमान कर वहां निशान-ए-खालसा फहरा दिया गया, स्मरणीय है कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने किसानों से सम्बंधित तीन कानून संसद से पारित करवाकर उन्हें कानून का दर्जा दे दिया था, जिसका देश के किसानों व उनके संगठनों ने तीव्र विरोध किया था, किसानों का आंदोलन एक साल से भी अधिक चला और अंततः स्वयं प्रधानमंत्री को ये विवादित कानून वापस लेने की घोषणा करनी पड़ी और संसद ने भी कानून वापसी पर मंजूरी की मोहर लगाई, तब किसानों के आंदोलन खत्म हुए, अतः 26 जनवरी को लाल किले पर जो कुछ हुआ वह निंदनीय घटनाक्रम इसी किसान आंदोलन का एक हिस्सा था, जिसने हिंसक रूप धारण कर लिया था, जिसकी



विश्व में हर स्तर पर निंदा की गई। आजादी के बाद से अब तक हमारी आन बान शान लाल किले पर हुई यह पहली निंदनीय घटना थी।

भारत की राजधानी में हमारे गणतंत्र दिवस पर घटी इस घटना ने हमारे लोकतंत्र को दागदार बना दिया, वैसे इस वर्ष के दौरान 'लोकतंत्र' को बदनाम कर दागदार बनाने वाली तीन घटनाऐं हुई, जिसकी शुरूआत भारत से इस घटना से हुई। भारत के बाद लोकतंत्र को दागदार बनाने वाली दूसरी घटना अमेरिका में हुई, जहां वहां की संसद पर हमला किया गया, लोकतंत्र के चेहरे पर कालीख पोतने वाली इस घटना के सूत्रधार और कोई नहीं बल्कि वहां के राष्ट्रपति पद पर पराजित हुए रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रम्प थे, जिन्होंने चुनाव के बाद अपनी हार स्वीकार नही की और अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते अपने समर्थकों से ऐसी निन्दनीय घटना को समर्थन दिया, डेमोक्रेटिक नेता जो बाईडेन के राष्ट्रपति चुन लिये जाने से ट्रम्प काफी नाराज थे और उन्होंने संसद पर हमले जैसी घटना को अंजाम दिया, जिसमें चार लोगों को अपने जीवन को अलविदा कहना पड़ा। इस घटना के बाद वाशिंगटन में आपातकाल लगाना पड़ा था, दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्री देश अमेरिका के लिए यह घटना काफी परेशान करने वाली थी, जिसकी पूरे विश्व ने निंदा की।

लोकतंत्र को दागदार बनाने वाली विश्व की तीसरी घटना अफगानिस्तान में घटी जहां बीस साल बाद पुनः आतंकी राज कायम हो गया। इस घटना ने लोकतंत्र का गला घोंट दिया, तालीबानी आतंकियों ने अपनी सरकार यहां स्थापित कर ली। यद्यपि इसकी बुनियाद तो फरवरी 2020 के दोहा समझौते से ही पड़ गई थी, लेकिन वर्ष 2021 इसके लिए निर्णायक साबित हुआ जब 15 अगस्त को तालिबान के आक्रामक दलों का राष्ट्रपति भवन पर कब्जा हो गया, काबुल पर तालिबान के कब्जें के बाद राष्ट्रपति अशरफगनी देश छोड़कर फरार हो गए, अफगानिस्तान में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति दूसरी बार हुई, इससे पहले 1999-2000 के बीच तालिबान का यहां कब्जा था, जो वर्ष 2021 में अमेरिका के हमले के बाद ही समाप्त हो गया था, अमेरिका ने यह हमला 11 सितम्बर 2001 को हुए आतंकी हमले के बाद किया था, जिसके हमलावरों को प्रशिक्षण से लेकर पनाह तक तालीबान के राज वाले अफगानिस्तान में मिली थी, बीस साल बाद तालिबानियों ने उसी अमेरिका को परास्त कर अफगानिस्तान पर अपना कब्जा कर लिया और अमेरिका मूक दर्शक बना रहा।

## महामारीः डर नहीं, सावधानी जरुरी

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

इसमें शक नहीं कि भारत के मुकाबले कोरोना महामारी का प्रकोप अन्य संपन्न देश में ज्यादा फैला है लेकिन अब उसकी तीसरी लहर उन्हीं देशों में इतनी तेजी से फैल रही है कि भारत को फिर से भारी सावधानी का परिचय देना होगा। फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, ग्रीस, इटली और सायप्रस जैसे देशों में कोरोना, डेल्टा और ओमीक्रोन के रोज़ नए लाखों मरीज़ पैदा हो रहे हैं। यह ठीक है कि उनकी मृत्यु-दर पहले जैसी नहीं है लेकिन इन देशों के कई शहरों में मरीजों के लिए पलंग कम पड़ रहे हैं। अमेरिका जैसा संपन्न देश, जहां की स्वास्थ्य-सेवाएं विश्वप्रसिद्ध हैं, वहां भी हजारों लोग रोज़ अस्पताल की शरण ले रहे हैं। फिलहाल भारत का हाल इन देशों के मुकाबले बेहतर है लेकिन खतरे की घंटियां यहां भी अब बजने लगी हैं। अकेले दिल्ली शहर में यह आंकड़ा एक हजार रोज को छू रहा है। देश के कई शहरों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। लेकिन हमारे लोग अब भी सतर्क नहीं हुए हैं। वे पिछले कई माह से घरों में कैद थे, उससे छूटकर अब सैर-सपाटे में लगे हुए हैं। कश्मीर में इतने सैलानी इस बार जमा हुए हैं, जितने पहले कभी नहीं हुए। इसी तरह की सूचनाएं और निमंत्रण मुझे देश के सुरम्य शहरों से कई मित्रगण भेज रहे हैं। सबसे ज्यादा छूट तो हमारे नेतागण ले रहे हैं। उनकी सभाओं में लाख-लाख लोग इकट्ठे हो रहे हैं। न तो वे मुखपट्टी रखते हैं और न ही शारीरिक दूरी। यदि यह महामारी फैलेगी तो यूरोप-अमेरिका को भी भारत इस बार पीछे छोड़ देगा। हमारे नेताओं की भी बड़ी मजबूरी है। कई प्रांतों के चुनाव सिर पर हैं। यदि वे बड़ी-बड़ी सभाएं नहीं करें तो क्या करेंगे? अखबारों और चैनलों पर अपने विज्ञापन लटकाने में वे करोड़ों रु. रोज बहा रहे हैं लेकिन वे 'जूम' या इंटरनेट के जरिए अपनी सभाएं कैसे करें? उनके ज्यादातर अनुयायी अर्धशिक्षित, ग्रामीण, गरीब और पिछड़े लोग होते हैं। वे इन आधुनिक टोटकों से वाकिफ नहीं हैं। ऐसे में क्या बेहतर नहीं होगा कि हमारा चुनाव आयोग इन चुनावों को थोड़ा आगे खिसका दे? भारत में यदि यह नई महामारी फैल गई तो देश की अर्थ-व्यवस्था और राजनीति, दोनों ही अस्त-व्यस्त हो जाएंगी। यह खुशी की बात है कि कुछ प्रांतीय सरकारों ने अभी से कई सख्तियां लागू कर दी हैं। यह अच्छा है लेकिन इससे भी ज्यादा जरुरी यह है कि जनता खुद अपने पर सख्ती लागू करे। वह आयुर्वेदिक औषधियों, काढ़ों और घरेलू मसालों से अपनी स्वास्थ्य-सुरक्षा में वृद्धि करें और भीड़-भाड़ से बचती रहे।

# वॉशिंग मशीन को साफ करने के लिए अपनाएं ये टिप्स, नहीं पड़ेगी रिपेयरिंग की आवश्यकता



वॉशिंग मशीन आने के बाद कपड़े धोना काफी आसान हो गया है, लेकिन अगर आप गलत तरीके से इसका इस्तेमाल करते या फिर इसकी सफाई पर ध्यान नहीं देते तो इसकी कार्यक्षमता पर काफी नकारात्मक असर पड़ता है। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसी टिप्स बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आपके लिए घर पर वॉशिंग मशीन की सफाई करना बेहद आसान हो सकता है। चलिए फिर इन टिप्स के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**वॉशिंग मशीन के गास्केट की सील को ऐसे करें साफ:** गास्केट उन रबर या सिलिकॉन के जोड़ों को कहा जाता है जिनसे वॉशिंग मशीन के अलग-अलग हिस्से जुड़े होते हैं। इन सील्स में अक्सर गंदगी जम जाती है और इन्हें साफ करने के लिए सफेद सिरके या हाइड्रोजेन पेरोक्साइड और पानी के मिश्रण को रोएंदार तौलिए पर डालें और इस तौलिए से गास्केट और सभी जोड़ों की गंदगी को साफ करें। इससे ग्रीस, काई, पानी का खारापन और गंदगी आदि सब निकल जाएगा।

**मशीन के वॉशर को साफ करने का तरीका:** इसके लिए सबसे पहले मशीन को हेवी लोड में लंबी वॉश साइकिल पर सेट करें और फिर इसमें पानी भरकर सफेद सिरका और बेकिंग सोडा मिला दें। इसके बाद मशीन को चालू कर दें। यह मशीन को अंदर से साफ कर देगा। अगर आपकी वॉशिंग मशीन फ्रंट लोड वाली है तो उसमें आधा लीटर सिरका और आधा कप बेकिंग सोडा डालें। वहीं अगर आपकी वॉशिंग मशीन टॉप लोड वाली है तो सिर्फ एक लीटर सफेद सिरका डालें।

**वॉशिंग मशीन का दरवाजा साफ करने का तरीका:** वॉशिंग मशीन के दरवाजे की सफाई करना भी जरूरी है क्योंकि इसमें भी सील लगी होती हैं। इन सील में भी गंदगी जम जाती है और इस कारण थोड़े दिनों बाद वॉशिंग मशीन का दरवाजा ठीक से बंद नहीं होता। इसे साफ करने के लिए एक कटोरी में बराबर मात्रा में हाइड्रोजेन पेरोक्साइड और पानी को मिलाएं और फिर इस मिश्रण में एक कपड़ा डुबोकर उससे दरवाजे और उसकी सील को साफ करें।

**ऐसे करें वॉशिंग मशीन की बाहरी सफाई:** वॉशिंग मशीन के बाहरी हिस्सों को भी साफ करना बहुत जरूरी है क्योंकि इन पर भी गंदगी और पानी का खारापन जम जाता है।

## मुदस्सर अजीज की फिल्म डबल एक्सएल नजर आ सकती हैं सोनाक्षी और हुमा कुरैशी

काफी समय से निर्देशक मुदस्सर अजीज की अगली फिल्म डबल एक्सएल सुर्खियों में है। इस फिल्म के लिए सोनाक्षी सिन्हा को पहले ही साइन किया जा चुका था और अब खबर है कि फिल्म में एक नहीं, बल्कि दो अभिनेत्रियां होंगी। इसमें अभिनेत्री हुमा कुरैशी की एंट्री भी हो गई है, जिसके बाद बेशक फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ जाएगा। ये दोनों ही अभिनेत्रियां फिल्म में अहम भूमिका निभाने वाली हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मुदस्सर अजीज यह फिल्म अश्विनी यार्डी के साथ मिलकर बना रहे हैं। फिल्म की कहानी मोटापे का शिकार हुईं महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती दिखेगी। फिल्म से हुमा भी जुड़ गई हैं। वह भी सोनाक्षी की तरह अपने किरदार के साथ न्याय करने के लिए अपना कई किलो वजन बढ़ाएंगी। फिल्म की शूटिंग लंदन में होगी। इस फिल्म का निर्देशन सतराम रमानी कर रहे हैं, जो इससे पहले फिल्म हेलमेट के निर्देशक रह चुके हैं। पिछले दिनों सुनने में आया था कि इस फिल्म में अक्षय कुमार भी नजर आएंगे। चर्चा थी कि वह प्रोस्थेटिक मेकअप की मदद से एक मोटे व्यक्ति के रूप में नजर आएंगे और फैंस को बड़ा सरप्राइज देंगे। अक्षय अपनी बॉडी के साथ जल्दी प्रयोग नहीं करते, इसलिए उन्हें एक अलग लुक देने के लिए निर्माता मेकअप आर्टिस्ट की मदद लेंगे। अक्षय का किरदार वैसा ही होगा, जैसा फिल्म बधाई हो बधाई में अनिल कपूर का था। इन दिनों सोनाक्षी फिल्म ककुड़ा की शूटिंग कर रही हैं। यह एक कॉमेडी फिल्म है, जिसमें सोनाक्षी भूत का शिकार करती दिखेंगी। इसमें उनके साथ रितेश देशमुख और साकिब सलीम भी नजर आएंगे। ककुड़ा की कहानी गांव में एक अजीब अभिशाप के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें सोनाक्षी, रितेश और साकिब की तिकड़ी का सामना एक चुनौतीपूर्ण भूत से होता है। वेब सीरीज फॉलेन और संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरा मंडी भी सोनाक्षी के खाते से जुड़ी है। बात करें हुमा कुरैशी की तो वह आजकल फिल्म मोनिका ओह माय डार्लिंग की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ राजकुमार राव और राधिका आप्टे नजर आएंगी। फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।





## जयेशभाई जोरदार की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं शालिनी पांडे



अर्जुन रेड्डी की अभिनेत्री शालिनी पांडे रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म जयेशभाई जोरदार से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनका कहना है कि वह पिछले एक साल से अधिक समय से फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। शालिनी ने कहा कि मैं पागलपन से एक साल से अधिक समय से रिलीज का इंतजार कर रही हूं और मैं दर्शकों के फिल्म देखने का और इंतजार नहीं कर सकती।मुझे पता है कि यह एक अच्छी फिल्म है और मुझे यह भी पता है कि यह एक बहुत ही खास फिल्म है जिसे हमने बहुत प्यार और समर्पण के साथ बनाया है।शालिनी के लिए इस फिल्म में काम करने का अनुभव भावनात्मक रहा है क्योंकि यह उनकी पहली हिंदी फिल्म है।उन्होंने कहा कि मैं फिल्म के रिलीज होने का इंतजार नहीं कर सकती क्योंकि मुझे पता है कि लोग फिल्म और पात्रों को पसंद करने वाले हैं। इसके अलावा, मैं सिनेमाघरों के खुलने का और इंतजार नहीं कर सकती, क्योंकि मैं चाहती हूं कि लोग सिनेमाघरों में जाएं। मैं फिल्म को बड़े पर्दे पर देखना चाहती हूं क्योंकि इस फिल्म की अपनी यात्रा है, और मैं चाहती हूं लोग इसे जल्द से जल्द अनुभव करें। मैं सचमुच इंतजार नहीं कर सकती, यह बहुत खास है और जब भी मैं फिल्म रिलीज होने के बारे में सोचती हूं तो मैं उत्साहित हो जाती हूं। शालिनी को आदित्य चोपड़ा से तीन फिल्मों का अनुबंध मिला है। उन्होंने कहा कि वाईआरएफ के साथ तीन-फिल्म अनुबंध के साथ काम करना एक बड़ी बात है।

# कार्तिक आर्यन ने पूरी की फिल्म की शूटिंग, अब ट्रेलर से करेंगे 'धमाका'

बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन अपने फैंस के दिलों पर राज करते हैं. एक्टर ने अपने अब तक के करियर में एक से एक नायाब फिल्मों में काम किया है. कार्तिक अब हमेशा ही सुर्ख़ियों में ही रहते हैं. अब कार्तिक अपनी आगामी फिल्म धमाका को लेकर चर्चा में आ गए हैं. टीजर के बाद अब फिल्म का ट्रेलर आने वाला है.

कुछ समय पहले ही कार्तिक आर्यन और करण जौहर के बीच हुई अनमन की बातें सामने आई थीं. अचानक से कार्तिक को करण ने अपनी फिल्म दोस्ताना 2 से बाहर कर दिया था. लेकिन इसके बाद से एक्टर के पास काम की लाइन लगी हुई है. आपको बता दें कि



कार्तिक आर्यन स्टारर धमाका ओटीटी पर रिलीज की जाएगी. ये खास फिल्म ओटीटी के प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर पेश की जाएगी. इस फिल्म से कार्तिक और उनके फैंस को खासा उम्मीदे हैं. कुछ वक्त पहले ही धमाका का 'टीजर' रिलीज हुआ था, जिसको फैंस ने काफी पसंद किया था. हालाँकि धमाका के टीज़र को रिलीज़ हुए छः महीने से भी ऊपर हो चुके हैं पर इस फिल्म की रिलीज़ को लेकर कोई कोई खास जानकारी सामने नहीं आई थी. अब साफ हो गया है कि कार्तिक ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है बता दें कि अब जल्द ही फिल्म का ट्रेलर फैंस के सामने पेश होने वाला है. हाल ही में कार्तिक आर्यन फिल्म के ट्रेलर के लिए डबिंग करके आए हैं जिसका सीधा अर्थ है कि जल्द ही हमें इस फिल्म का ट्रेलर और रिलीज़ डेट देखने को मिलने वाली है. दरअसल हाल ही में एक्टर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह एक पेपर पर धमाका ट्रेलर लिखा हुआ दिखा रहे हैं।

## महेश मांजरेकर की फिल्म व्हाइट में हो गई तब्बू की एंट्री?



अभिनेता और निर्देशक महेश मांजरेकर ने कुछ ही समय पहले अपनी फिल्म व्हाइट का ऐलान किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म का पहला पोस्टर शेयर कर इसकी घोषणा की थी। अब खबर है कि उन्होंने अपनी इस फिल्म के लिए हीरोइन का चयन भी कर लिया है। महेश ने खुद यह खुलासा किया है कि व्हाइट के लिए हमेशा से उनकी पहली पसंद तब्बू रही हैं और उनकी जगह इसमें कोई नहीं ले सकता। रिपोर्ट के मुताबिक महेश मांजरेकर 2010 से व्हाइट की कहानी दर्शकों के बीच पेश करने की सोच रहे हैं और अब वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह अस्तित्व के बाद दूसरी बार किसी महिला केंद्रित फिल्म पर काम कर रहे हैं। यह एक मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली पत्नी की कहानी है, जिसकी इच्छाएं और महत्वकांक्षाएं बेहद गहरी हैं। महेश ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वह इस शानदार फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। महेश ने बताया, जब मैंने तब्बू को इस फिल्म की कहानी सुनाई, वह हैरान रह गईं। उन्होंने मुझसे बस यही कहा, महेश, क्या मैं इस फिल्म के साथ न्याय कर सकती हूं? इस किरदार को पर्दे पर उतारना बेहद मुश्किल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महेश मांजरेकर व्हाइट में तब्बू के अलावा किसी अन्य अभिनेत्री को लेने के बारे में सोच तक नहीं सकते। उन्होंने इसकी कहानी तब्बू को ध्यान में रखकर ही लिखी थी। महेश ने पिछले महीने इंस्टाग्राम पर अपनी इस फिल्म की घोषणा की थी। उन्होंने लिखा था, मैं लगभग एक दशक से इस कहानी के साथ जी रहा हूं और अब आखिरकार व्हाइट को अपना रंग मिल गया है।

## कभी खुद एक्ट्रेस बनूंगी, इसका ख्याल भी नहीं आयाः भूमि पेडनेकर



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर को फिल्म 'दम लगा के हईशा' में रोल मिलने का किस्सा खासा दिलचस्प है। दरअसल, भूमि पेडनेकर ने अपने करियर की शुरूआत यशराज फिल्म्स के कास्टिंग डिवीजन से की है। एक दिन भूमि 'दम लगा के हईशा' के एक्ट्रेस के लिए ऑडिशन ले रहीं थीं। इस फिल्म में संध्या का रोल काफी इंटरेस्टिंग और एक मोटी लड़की का था। कास्टिंग टीम ने करीब 250 लड़कियों के ऑडिशन लिए। भूमि ने बताया कि 'मैं कास्टिंग करती थी लेकिन कभी खुद एक्ट्रेस बनूंगी, इसका ख्याल भी नहीं आया। संध्या के रोल के लिए इतनी लड़कियों के ऑडिशन लिए लेकिन एक बार भी ऐसा नहीं लगा कि ये रोल मैं भी कर सकती हूं।'भूमि ने बताया कि 'यशराज फिलम्स की कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा के पास जाया करती थी। उन्होंने मेरा भी ऑडिशन लिया तो मुझे भी यह रोल इतना आसान नहीं लगा। संध्या के रोल में मुझे चुनने से पहले फिल्म डायरेक्टर शरत कटारिया ने काफी सोचा। वह मुझे सिर्फ इसलिए नहीं कास्ट कर लेना चाहते थे कि मैं यशराज फिल्म्स से जुड़ी थी। वह ऐसे एक्ट्रेस को मौका देना चाहते थे जो स्क्रिप्ट को समझ सके। मुझे वाकई अपनी काबिलियत साबित करनी पड़ी। मै मुंबई में पली पढ़ी थी। मुझे 90 के दशक की महिला का रोल प्ले करना था। मेरी हिंदी शहरी एक्सेंट वाली थी। लगातार 4 महीने ऑडिशन चला था और एक दिन मुझे बताया गया कि ये रोल मुझे दिया जा रहा है। पहली फिल्म पाने से पहले 6 साल कैमरे के पीछे काम किया है।''दम लगा के हईशा' जब रिलीज हुई तो भूमि पेडनेकर की जमकर क्रिटिक्स ने सराहना की। भूमि की पहली फिल्म ही हिट हो गई। एक्ट्रेस ने 'टॉयलेटःएक प्रेम कथा', 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान', 'सांड की आंख' जैसी फिल्मों में काम कर अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है।बता दें कि भूमि पेडनेकर ने अपनी पहचान एक सशक्त एक्ट्रेस की बनाई है। भूमि ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत फिल्म 'दम लगा के हईशा' से की थी।

# केवल पैदल चलने से घट सकता है आपका वजन, अपनाएं ये आसान टिप्स



आज के समय में वजन बढ़ना कोई बड़ी बात नहीं है, क्योंकि इस आधुनिक जीवन शैली के चलते किसी का भी वजन बढ़ना एक आम बात है। लेकिन नियमित रूप से पैदल चलना विभिन्न स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। इसके अलावा अगर आपका सवाल यह है कि क्या चलने से आप अपना वजन कम कर सकते हैं? तो हमारा जवाब हां होगा। क्योंकि पैदल चलने से कैलोरी बर्न होती हैं। आइए जानें कैसे।

पैदल चलने का तरीकाः हम आपके सभी प्रयासों की सराहना करते हैं, लेकिन यदि आप पार्क में टहलने को अपना चलना समझते हैं तो यह गलत है, क्योंकि टहलना आपके वजन को कम नहीं कर सकता। अगर आप नियमित रूप से अपनी गति में वृद्धि करते है तो ही आपको अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि आप दौड़ना शुरू कर दें। तेज चलना कैलोरी को तेजी से बर्न करने और वजन घटाने में काफी फायदेमंद है।

पैदल चलना वजन के साथ-साथ बीमारियों को भी रखता है दूरः संक्रमण और बीमारियों को रोकने के लिए आपके शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को हर समय ठीक से कार्य करना चाहिए और पैदल चलना आपकी प्रतिरक्षा को मजबूत करने का एक शानदार तरीका है। प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट चलना प्रतिरक्षा कोशिकाओं, बी-कोशिकाओं और टी-कोशिकाओं की गतिविधियों को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। इससे सफ़ेद रक्त कोशिकाओं को जल्दी से रिलीज़ करने में सहायता मिलती है, जिससे शरीर को जल्दी से ठीक करने में मदद मिलती है।

पहले कभी कोई एक्सरसाइज नहीं की है तो इस तरह करें पैदल चलने की शुरुआतः पैदल चलने से शरीर की अतिरिक्त चर्बी कम होती है और बॉडी शेप में आती है। यदि नीचे के हिस्से यानि जाँघो और कूल्हों को शेप में लाना है तो नियमित रुप पैदल चलने से अच्छा कुछ नहीं है। 30 मिनट की तेज चाल से भी आप 200 कैलोरी को कम कर सकते हैं। इसके अलावा पहले कभी कोई एक्सरसाइज नहीं की है तो पैदल चलने से शुरू करें। यह दर्द रहित वजन कम करने का एक अच्छा विकल्प है।

सुबह सूर्योदय के समय पैदल चलना फायदेमंदः शुरूआती दिनों में आप कम से कम हफ्ते में तीन दिन 15 से 20 मिनट चलें। इसके बाद धीरे-धीरे पैदल चलने की समय सीमा और दिन, दोनों को बढ़ाएं। यह समय सीमा तब तक बढ़ाते रहे जब तक 30 से 60 मिनट पैदल चलने से आपको कोई परेशानी न हो। सुबह सूर्योदय के समय चलना स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छा होता है।

## केतिका शर्मा की हॉट तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही है



आज इस लेख में हम एक भारतीय अभिनेत्री के बारे में बात कर रहे हैं जो अपनी सुंदरता और हॉट लुक के कारण सुर्खियों में है। आइए जानते हैं कौन है वो एक्ट्रेस। इस खूबसूरत भारतीय अभिनेत्री का नाम केतिका शर्मा है। आपको बता दें कि उनका जन्म 24 दिसंबर को, 1995 में, नई दिल्ली, भारत में हुआ था। वह भारत में एक लोकप्रिय सोशल मीडिया सेलिब्रिटी हैं। वह अपने सोशल मीडिया नेटवर्किंग साइट्स जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि पर बहुत सक्रिय है। सोशल मीडिया अकाउंट पर उनके प्रशंसकों की एक बड़ी संख्या है। वह अक्सर अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। वह इंटर कॉलेज के फैशन शो को जज करता है। आप इन तस्वीरों में उनका हॉट अंदाज देख सकते हैं। उनकी ज्यादातर तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में आप उनके बोल्ड और आकर्षक लुक देख सकते हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 1.2 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं और अन्य सोशल मीडिया अकाउंट्स पर भी उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। अब उनकी हॉट तस्वीरों को देखकर, आप केतिका शर्मा के बारे में क्या कहते हैं।

# मस्टर कर्मचारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास में की जा रही है गड़बड़ी

**पूर्व पार्षदों ने सीएमओ को सोपा ज्ञापन**

**गोहद** नगर पालिका गोहद में हो रहे भ्र्ष्टाचार के किस्से मुख्यमंत्री से लेकर विधानसभा तक गूंज रहे है। इसके उपरांत भी प्रशासन के आला अधिकारियों द्वारा किसी भी अधिकारी व कर्मचारी पर कोई कार्यवाही नही हुई परिणाम स्वरूप भ्र्ष्टाचार करने वालो के हौसले बुलंद है उनको शासन व प्रशासन किसी का डर भय नही है गोहद नगर पालिका की सबसे खास बात यह है कि यहाँ कोई भी कार्य बिना चढ़ावा चढ़ाए नही होता। इसी भ्र्ष्टाचार के क्रम में पूर्व पार्षदों द्वारा नगर पालिका अधिकारी को प्रधानमंत्री आवास में हो रही गड़बड़ी को लेकर ज्ञापन सोपा है जिसके अनुसार मस्टर कर्मचारी मोनू शर्मा को आवास विभाग से हटवाने की मांग की है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तृतीय चरण की जो सूची तैयार की गई है उसमें मोनू शर्मा मस्टर कर्मचारी के द्वारा जो पात्र व्यक्ति जिन्होने पूरे कागज कम्पलीट कर आवेदन जमा किये गये थे, उन लोगों से पैसे मांगे गये पैसे न देने पर अपात्र कर दिये गये हैं जिन



लोगों ने पैसे दिये है। उनको पात्र कर दिया गया है। जबकि वह लोग अपात्र में आते है उनके दो-दो मंजिल मकान बने हुऐ है। उनको पात्र कर सूची में नाम जोडे गये है। नगर पालिका परिषद गोहद द्वारा वार्ड क्र. 1 से 18 में प्रधनमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भवन निर्माण की कार्यवाही हेतु आवेदन पत्र माँगे गये थे। जिन व्यक्तियों के पास सिर ढ़कने के लिए छत नहीं थी उन्होंने सभी दस्तावेजों को लगाकर फार्म जमा किये थे।

नगर पालिका गोहद द्वारा उक्त आवेदनों की जाँच मस्टर कर्मचारियों के द्वारा कराई गई। किन्तु उक्त कर्मचारियों ने सही रूप से जाँच नहीं की। जो व्यक्ति पात्र थे जिनके सभी दस्तावेज संलग्न थे उन्हें अपात्र के रूप में गलित अंकित कर सूची दी गई है। क्योकि उन व्यक्तियों से कर्मचारी पैसे माँग रहे थे जब पैसे नहीं दिये तो उन व्यक्तियों के खिलाफ गलत रिपोर्ट प्रस्तुत की है। जिस पर पुनः विचार किया जाना न्याय संगत है। उक्त कर्मचारियों ने पैसे लेकर अपात्र व्यक्तियों का पात्र बताते हुए गलत सूची प्रदान की है जो स्वीकार योग्य नहीं है इन लोगों के पास पूर्व से ही रहने के लिए पक्के मकान बने हुए है तथा वो धनी व्यक्ति है जिसको न देखकर मनमाने ढ़ग से गलत सूची तैयार कर दी है इस प्रकार अपात्र व्यक्तियों को पात्र बताया गया है। इस प्रकार कुल मिलाकर वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा है। जिसकी जाँच किया जाना उचित है। ज्ञापन देने वालो में प्रताप कुशवाह, आत्मदास भटनागर, लाखन गुर्जर, जगदीश गुर्जर, भोलाराम बाथम, मुकेश लहरिया, भीकम कौशल, वेदराम जाटव प्रमुख रूप से थे

## यातायात पुलिस ने चालानी कार्यवाही कर बसूला 19500 का जुर्माना।

**इंदिरा गांधी चौराहे पर चेकिंग पॉइंट लगाकर की कार्यवाही**

**उमाकान्त शर्मा**
**दैनिक पुष्पांजली टुड**





**भिण्ड।** शहर में बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर यातायात पुलिस ने इंदिरा गाँधी चौराहा पर चेकिंग पॉइंट लगाकर की कार्यवाही जिसमें लगभग 35 चालान काटे गए तथा कुछ वाहनों को जब्त किया है। वाहनों को जब्त करते हुए यातायात के थानों में रखा है। दोपहर 1 बजे इंदिरा गांधी चौराहा पर यातायात पुलिसकर्मी कार्यवाही करते हुए वाहनों को जब्त करने की कार्यवाही कर रहे थे। यातायात विभाग की ओर से ट्रैफिक प्रभारी रणजीत सिंह सिकरवार,एसआई नीरज शर्मा और उनकी पूरी टीम ने वाहनों की चैकिंग में परमिट, फिटनेस, बीमा, लायसेंस आदि दस्तावेज चैक किये गयें। इनमें से कई वाहन बिना रजिस्ट्रेशन शहर की सड़कों पर दौड़ रहे थे। गुरुवार के दिन यातायात पुलिस ने पूरे शहर में कार्यवाही की है। इस संबंध में यातायात प्रभारी सिकरवार ने कहा है कि हम इस संबंध एक मजबूत योजना बना रहे हैं जिससे कोई भी वाहन यातायात के नियमों का उल्लघन न कर सकें।

## वन-टू-वन

### शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी मैं मनाया गया युवा उत्सव कार्यक्रम



**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी की है जहाँ दिनाँक 30 दिसम्बर को युवा उत्सव की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रोफेसर महेंद्र कुमार द्वारा सरस्वती मां और स्वामी विवेकानंद की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर एवम दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात सरस्वती वंदना कर प्रतियोगिताओं का आरंभ किया गया।सर्वप्रथम एकल गायन प्रारंभ किया गया। जिसमें शिवांगी तोमर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।इसके पश्चात समूह गायन हुआ जिसमें हर्षिता मिश्रा समूह.ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य एवम समूह नृत्य प्रतियोगिता में वर्षा चतुर्वेदी एवम खुशी राठौर समूह ने कृमश प्रथम स्थान प्राप्त किया।इस महाविद्यालय स्तर पर विजित प्रतियोगी दिनाँक 5 और 6 जनवरी को कन्या महाविद्यालय में होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। आज के युवा उत्सव में महाविद्यालय के सभी प्रोफेसर ने प्रतियोगिताओं को सम्पन्न कराने में सफलतापूर्वक योगदान दिया।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक पर किया जानलेवा हमला

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर,9691338626**

**पिछोर,** खबर भोति थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरा से आ रही है जहां पर पुरानी रंजिश के चलते युवक पर कुल्हाड़ी से किया वार प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अरविंद उर्फ गोलकी



पुत्र किशनलाल परिहार उम्र 35 साल निवासी ग्राम पर पारा मजा करोआजहोरा ने अपने छोटे भाई कुंवर पाल परिहार के साथ थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई के दिन 3ः00 बजे की बात है मैं अपने घर से खेत तरफ जा रहा था हमारे पड़ोस में रहने वाले हल्के उर्फ प्रेम नारायण परिहार ड्डड्ड्यह्व परिहार एवं रविंद्र परिहार ने मुझे पुरानी रंजिश के चलती मेरे साथ गाली गलौज की जब मैंने गाली गलौज करने का विरोध किया तो प्रेम नारायण मेरे सर में कुल्हाड़ी मारी जिससे मैं घायल हो गया और उसके बाद दो कुल्हाड़ी और मेरे सर में दाहिने बाएं तरफ लगी एवं मेरे को लाठियों व घंटों से कई बार किए हमले जिससे मैं घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा और तभी मौके पर ताव भैया लाल परिहार बबली परिहार ने घटना देखी तो बीच बचाव किया और तीनों आरोपियों ने जाते समय कहा कि आज तो बच गया आगिंदा जान से खत्म कर देंगे इसके चलते पुलिस ने फरियादी के बयानों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है इसमें धारा 323, 294, 506, 34 के तहत मामला पंजीकृत विवेचना में ले लिया गया है

### रबी फसलो का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर।

**उमाकान्त शर्मा**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी वर्ष 2021-22 के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2021 निर्धारित की गई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास भिण्ड ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के ऋणी और अऋणी दोनों प्रकार के कृषक अपनी अधिसूचित फसलो का बीमा 31 दिसम्बर 2021 तक करा सकते है।

## नवयुवक मंडल द्वारा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**

**पिछोर,** अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बदरवास में नवयुवक मंडल द्वारा सुंदर रामलीला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्रामीण जन् से लेकर हारे क्षेत्र के लोग एकत्रित होकर रामलीला पंडाल में रात्रि 9ः00 बजे उपस्थित होते हैं और रामलीला देखते हैं जिसमें नवयुवक मंडल द्वारा सभी ग्राम वासियों क्षेत्र वासियों से निवेदन किया गया है की रामलीला पंडाल में रात्रि 9ः00 बजे सभी लोग उपस्थित हुए और रामलीला का आनंद ले ताकि मनुष्य के लिए श्रीरामचरितमानस में जो परसोत्तम श्रीराम ने मनुष्य के लिए चलने के लिए प्रेरणा दी है उस पर मनुष्य अवश्य चले जिससे अंधकार से हटकर उजाले की तरफ अपना जीवन ले जाएं सुंदर सरल सहज श्री रामलीला ग्राम बदरवास में चल रही है जिसमें रामलीला कलाकारों द्वारा मनमोहक लीला दिखाई जा रही है जिससे लोगों को आने वाली पीढ़ी यह याद जरूर रखें की राम ने मनुष्य रूप में



अवतार लेकर मनुष्य के लिए एक संघर्ष जिंदगी जीने का रास्ता दिखाया है जिस में नव युवक मंडल द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है जिसमें लोग एकाग्र होकर रामलीला पंडाल में जाकर रामलीला को देख रहे हैं

श्री रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने चोपाई लिखी है कलयुग केवल नाम अधारा सुमर सुमर नर उतरीं पारा कलिकाल में केवल भगवान का नाम है भव से पार उतार सकता है इसलिए मनुष्य के लिए सदैव भगवान का नाम का स्मरण करना चाहिए जिससे उज्जवल जीवन हो सके रामलीला में मुख्य रूप से उपस्थित नवयुग मंडल बदरवास अध्यक्ष विकास पांडे बबलू राजा रोहित शर्मा व अन्य सभी नवयुवक उपस्थित हो रहे हैं और रामलीला कलाकारों द्वारा सुंदर रामलीला का आयोजन किया जा रहा है।

### जिम से लौट रही युवती को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला मौके पर मौत



**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी शहर पुराने बायपास से आ रही हैं गुरूवार की सुबह जिम से अपनी स्कूटी से लौट रही शिक्षक की 27 वर्षीय पुत्री ऐसे ही एक बेकाबू ट्रक की चपेट में आ गई और उसने मैके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। जानकारी लगते ही सिटी कोतवाली टीआई सुनील खैमरिया मौके पर जा पहुंचे और ट्रक जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार माधव नगर में रहने वाली शिक्षक सुरेश ओझा की 27 वर्षीय पुत्री दामिनी ओझा गुरूवार सुबह जिम से घर स्कूटी से जा रही थी। जब वह होटल पीएस के पास पहुंची तो एक तेज गति से आ रही बेकाबू ट्रक ने दामिनी की स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी टूटकर चकनाचूर हो गई और दामिनी जमीन पर गिर गई। गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही दामिनी की मौत हो गई।

## भाजपा की नई कार्यकारिणी में महत्व नही देने से सिर्वी समाज जनों ने किया विरोध

**पुष्पाजंली टुडे**

**मनावर**ः-भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव ने दो साल बाद पंचायत चुनाव के पहले भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित की है।इसमें सिर्वी समाजजनों को महत्व नही दिए जाने से उनमें रोष है। सिर्वी समाज के लोगों का कहना है कि जिलाध्यक्ष यादव ने जिला भाजपा कार्यकारिणी में सिर्वी बहुल समाज से किसी भी व्यक्ति को जिला कार्यकारिणी में सिर्वी समाज की अवहेलना की गई। जिसमें सिर्वी महासभा जिला अध्यक्ष राधेश्याम मुकाती ने बताया कि धार जिला लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्रों में सिर्वी बहुल गाँव है।जिसमें गंधवानी, मनावर, कुक्षी, सरदारपुरा, बदनावर सिर्वी समाज अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।सिर्वी समाज के 90प्रतिशत परिवार भाजपा विचारधारा के समर्थक है ।ऐसे में जिला कार्यकारिणी में समाज को महत्व नही मिलने से भाजपा विचारधारा से जुडे नेताओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जिला संगठन के प्रति अपना कड़ा विरोध प्रकट किया है।जिलाध्यक्ष राजीव यादव ने जिला कार्यकारिणी की जल्दबाजी में घोषणा की गई उसमे इन्होने अपने इर्द -गिर्द घूमने वाले व्यक्ति विशेष को महत्व देना उचित समझा। भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा घोषित की गई कार्यकारिणी का विरोध करने वालो में अभा.सिर्वी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मुकाती, प्रदेश उपाध्यक्ष कांतिलाल गेहलोत, समाज के वरिष्ठ मोहन भायल, डॉ राज बर्फा, प्रदेश प्रतिनिधि टीकम पवार, महासचिव प्रकाश भायल, मनावर तहसील अध्यक्ष संदीप सेप्टा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहन आर्य, शिवपाल आर्य, लक्ष्मण काग,मुकेश गेहलोत, अशोक राठौड़, विजय राठौड आदि समाज जनों ने नाराजगी व्यक्त की आगामी समय मे सिर्वी समाज भाजपा के आयोजन व कार्यक्रम में सहभागिता नही करते हुए पंचायत चुनाव विधानसभा लोकसभा आदि चुनावों का विरोध करेगा।

## असिस्टेंट कमांडेंट बनकर पूनम गुप्ता ने किया शहर का नाम रोशन- छात्र नेता कुलदीप सिंह रावत ने किया सम्मान समारोह

**शिवपुरी-** खबर शहर के हर्दय शंकर कॉलोनी से आ रही हैं जहां शहर की बेटी श्री पूनम गुप्ता पुत्री श्री रघुवीर गुप्ता ने देश की सबसे बड़ी सैन्य परीक्षा छ्ठ्ठस् जिसे प्रतिवर्ष संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कराया जाता है जिसमें उत्तीर्ण होकर असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर नियुक्त होकर शहर का नाम रोशन किया साथ ही साथ शहर के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी7 पूनम गुप्ता की इस उपलब्धि के उपलक्ष में शहर के छात्र नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री कुलदीप सिंह रावत ने सम्मान समारोह रखा

श्री कुलदीप सिंह ने बताया की सहायक कमांडेंट अर्धसैनिक बलों में साहसिक एवं चुनौतीपूर्ण एक राजपत्रित अधिकारी का पद है जिसमें अधिकारी को बहुत ही संवेदनशील निर्णय लेने के लिए उनका मानसिक रूप से सबल होना पड़ता है 135 सैनिकों की जीवन और मृत्यु असिस्टेंट कमांडेंट के निर्णय पर निर्भर रहती है असिस्टेंट कमांडेंट के अंतर्गत 135 सैनिकों का दल नियंत्रण में होता है जो अपने अधिकारी के कहने पर जान दे भी सकते हैं ले जी सकते हैं7 कुलदीप ने आगे बताया कि हमें अपने अधिकार एवं हितों को समझना चाहिए और जो शिक्षा का



अधिकार हमें संविधान ने दिया है उसके निर्माणकर्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब को याद करना चाहिए शिक्षा ही एक ऐसा मात्र संसाधन है जो मनुष्य के व्यक्तित्व के विकास को चहू?मुखी आयाम देता है7 आज के नए युवा पीढ़ी शिक्षित और जागरूक है जो रूढ़िवादिता और लैंगिक भेदभाव को समाप्त कर रही है7महिलाओं ने शैक्षिक, राजनैतिक एवं सैन्य क्षेत्रों में बराबर की भूमिका निभा कर देश को एक नई दिशा व सहयोग प्रदान कर रही हैं शिक्षा के माध्यम से ही लड़का-लड़की के भेदभाव से समाज को मुक्त किया जा सकता है। समाज के समुचित विकास के लिए स्त्रियों के सहयोग की भी उतनी ही आवश्यकता है जितनी पुरुष के योगदान की। दूसरा स्त्रियों को भी समाज में अपनी प्रतिष्ठा और महत्व सिद्ध करने के लिए शिक्षित होकर आत्मनिर्भर और साहसी बनना होगा, ताकि वह स्वयं ही जीवन में आने वाली प्रत्येक समस्या का समाधान करने में सक्षम हों और दूसरों पर आश्रित न रहे।

## जौरा में चोरों ने आभूषण की दुकान से उड़ाई चांदी व नगदी

जौरा से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे मुरैना जिले में चोरियों को सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। पुलिस की नाक के नीचे से चोर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, ऐसा ही मामला जौरा से आ रहा है जहाँ दरमियानी रात को चोरों ने एक आभूषण की दुकान पर हाथ साफ किया। बताय जा है कि चोरों ने रात 12 बजे के बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया चोर वहां से 27 किलो चांदी ले गए हैं इसके अलावा पांच हजार रुपए भी ले गए। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी हैं हम आपको बता दें कि जौरा कस्बे के मुख्य नेहरू बाजार में राजेश सर्राफ के नाम से राजेश गोयल की आभूषण की दुकान हैं जिस पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। जानकारी मिल रही हैं कि चोरी गए माल की कीमत 16 लाख रुपए बताई जा रही है यह चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है इस घटना के बाद दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त है। थाने में पहुंचकर दुकानदारों ने पुलिस को चेतावनी दी है कि अगर 48 घंटे के अन्दर चोरों को



पकड़ा नहीं गया तो वह पूरा बाजार बंद कर देंगे। दरअसल, राजेश गोयल हर दिन की तरह वह बुधवार को भी अपनी दुकान बंद करके घर वापस आ गए थे। सुबह आसपास के लोगों ने सूचना दी कि उनकी दुकान में चोरी हो गई है तभी वह दौड़कर दुकान पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुकान में रखी 27 किलो चांदी गायब है फिर उन्होंने तिजोरी देखी तो उसमे उन्हें सोने के जेवरात रखे मिल गए जिसे चोर ले जा नहीं सके इसकी सूचना उन्होंने तुरंत जौरा थाना पुलिस को दी पुलिस मौके पर पहुंची तथा सीसी टीवी कैमरे के फुटेज चेक किये तो पता लगा कि चोर संख्या में पांच थी गौरतलब है कि पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में देखा कि चोर पहले रात में 12 बजकर 10 मिनट पर आते है फिर वापस चले जाते है उसके 40 मिनट बाद फिर दुकान में आकर घुस जाते है और दो बजे के बाद दुकान में से निकलते है इस प्रकार कुल घंटा 7 मिनट तक चोरों ने बड़े आराम के साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया, इस पूरी घटना में खास बात यह है कि जिस जगह चोरी कर रहे थे। उससे ठीक 20 मीटर की दूरी पर पुलिस का गश्त प्वाइंट बना हुआ है, लेकिन रात के समय पुलिस वहां मौजूद नहीं रहती है। घटना की सूचना पाकर एसडीओपी मानवेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे थे। इसके बाद जौरा विधायक सूबेदार सिंह रजौधा भी वहां पहुंच गए। जिस पर व्यपारियों ने पुलिस के खिलाफ आक्रोश व्याप्त किया

## सीरवी समाज बाली तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**



**पाली** ः-बाली सीरवी समाज स्पोर्ट्स क्लब बाली के तत्वावधान में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।बाली तहसील के सभी दानवीर भामाशाहओं व आयोजकों की ओर से इस आयोजन को पहली बार शानदार रूप देकर समाज को अच्छा संदेश दिया ।इस कार्यक्रम में डॉ. जितेन्द्र गुड़ा एनला व प्रकाश गेहलोत ने प्रतियोगिता के लिए बाली सीरवी समाज बंधुओ को प्रेरित किया । जिसमें बगड़ी ने प्रथम स्थान प्रात किया व रडावा बाली की टीम दूसरे स्थान पर रही। समापन समारोह नगर पालिका अध्यक्ष भरत चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन वक्ताराम नथाराम परमार भगवानपुरा के सहयोग से किया गया। मुख्य अतिथि भरत चौधरी, पूर्व चेयरमैन चुनीलालजी चौधरी, पुखराज सीरवी, जीवाराम चौधरी ,गोमाराम चौधरी, नेनाराम चौधरी ने विजेता बगड़ी व उपविजेता बाली टीम के सदस्यों को पुरुस्कृत किया। प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया

2019 में हुआ था घाटा, 2022 में वसूलने की तैयारी

# दाम बढ़ाकर 2000 करोड़ के नुकसान की भरपाई की तैयारी कर रही बिजली कंपनी



**जबलपुर।** मप्र में साल में तीन बार यू ही दाम नहीं बढ़ रहे है। लगातार बढ़ रहे घाटे की भरपाई के लिए कंपनी की तरफ से विद्युत नियामक आयोग में दाम बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा जा रहा है। हाल ही में मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए बिजली दर निर्धारण की याचिका दी है। इसमें 3915 करोड़ रुपये का अंतर दिखाया गया है। इस अंतर की राशि में साल 2019 में हुए घाटे को भी जोड़ा गया है जो करीब दो हजार करोड़ रुपये है। इसी वजह से कंपनी ने इतने बड़े अंतर को खत्म करने के लिए 8.71 फीसद बिजली के दाम बढ़ाने का प्रस्ताव पेश किया है।

ज्ञात हो कि बिजली कंपनी ने 2022-23 के लिए 48 हजार 874 करोड़ रुपये की जरूरत बताई है। इसमें आय में करीब 3915 करोड़ रुपये की कमी बनी हुई है जिसकी भरपाई के लिए कंपनी ने बिजली की दर को बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है।

वित्तीय वर्ष 2019-20 के राजस्व लक्ष्य में कंपनी को करीब दो हजार करोड़ रुपये की कम आय हुई थी। जिसे कंपनी इस साल उपभोक्ताओं से वसूलने की तैयारी में है। यदि इस राशि को अलग कर दिया जाए तो कंपनी का आय में अंतर 1900 करोड़ के आसपास पहुंच जाएगा। जिससे आम उपभोक्ताओं पर बिजली के दाम का बोझ भी हल्का हो सकता है।

### 8.71 फीसद बढ़ाने ये है प्रस्ताव

| घरेलू उपभोक्ता | प्रस्तावित दाम | मौजूदा दाम | बढ़ोतरी |
|---|---|---|---|
| 0-50 | 3.50 | 3.25 | 25 पैसे |
| 51-100 | 4.50 | 4.13 | 33 पैसे |
| 101-150 | 5.55 | 5.05 | 50 पैसे |
| 151-300 | 7.10 | 6.40 | 70 पैसे |
| 300 से ज्यादा | 7.32 | 6.65 | 67 पैसे |

### 32 हजार करोड़ वसूला

बिजली कंपनी ने 2014 से 2018 के बीच हुए वित्तीय नुकसान की भरपाई विगत वर्ष कर ली है। कंपनी ने 2021-22 की बिजली दर निर्धारण याचिका में यह राशि का समायोजन कर लिया है। बिजली कंपनी की तरफ से दायर याचिका में करीब 32 हजार करोड़ बताया था। जिस पर मप्र विद्युत नियामक आयोग ने सुनवाई की थी। इस राशि में करीब 13 हजार करोड़ रुपये का समायोजन किया गया है। इसमें केंद्र की बिजली कंपनियों को नुकसान की भरपाई के लिए दी गई अनुदान योजना उदय में बड़ा हिस्सा समायोजित हुआ है। वहीं शेष राशि बिजली की दर निर्धारण में लिया गया। यही वजह है कि कंपनी को आयोग ने 17 दिसंबर 2020 को 1.98 फीसद दाम बढ़ाए थे। उसके पश्चात 2018-19 वित्तीय वर्ष का नुकसान जो सबसे ज्यादा बिजली कंपनी ने 7053.64 करोड़ रुपये बताया था। उसे उदय योजना के जरिए समायोजित कर कंपनी ने 314 करोड़ रुपये का लाभ जाहिर किया। जिस वजह से 30 जून 2021 को 0.69 फीसद दाम बढ़ाने की अनुमति दी थी।

### 4981 करोड़ फिर घाटा

बिजली कंपनी ने हाल ही में वित्तीय वर्ष 2020-21 में हुए घाटे के लिए विद्युत नियामक आयोग में 4981 करोड़ रुपये के अंतर की मांग याचिका लगाई है। आयोग ने याचिका को फिलहाल मंजूर कर लिया है। अब इस पर आगे सुनवाई होगी। इसमें पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 2776 करोड़,मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 1679 करोड़ तथा पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 526 करोड़ रुपये का अंतर होना पाया है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री तोमर ने किया कान्हा शांतिवनम का अवलोकन

हार्टफुलनेस वृक्ष संरक्षण केंद्र में टिश्यू कल्चर लेबोरेटरी का तोमर ने किया शुभारंभ





**हैदराबाद।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने हैदराबाद में कान्हा शांतिवनम का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने हार्टफुलनेस वृक्ष संरक्षण केंद्र द्वारा देशभर में लुप्तप्राय: पेड़-पौधों की प्रजातियों के प्रसार में मदद के लिए स्थापित टिश्यू कल्चर लेबोरेटरी का शुभारंभ किया।

श्री तोमर ने कहा कि कान्हा शांतिवनम अध्यात्म का भी केंद्र है। जो मानव जीवन के विकास व निरंतरता के लिए बहुत आवश्यक है। सब जानते हैं कि अध्यात्म के साथ साथ कर्म की महत्ता अधिक है और इसलिए जब अध्यात्म और कर्म दोनों मिलते हैं तो निश्चित रूप से बड़ी सृजनात्मक शक्ति बन जाती है। श्री तोमर ने कहा कि लोगों को रोजगार मिले, किसान उन्नत खेती की ओर अग्रसर हो सकें और विलुप्तता की ओर बढ़ रही हमारी पौध को न सिर्फ बचाया जा सके बल्कि और आगे बढ़ाने की दिशा में अग्रसर हो। इसके लिए यहां जो भी आएगा, उसे प्रेरणा मिलेगी और वो इस दिशा में अग्रसर होगा तो हम देश व पर्यावरण का बहुत भला कर पाएंगे, भूमि का संरक्षण कर पाएंगे।

गुरुदेव श्री कमलेश पटेल (दाजी) ने कहा किपश्चिवम द्वारा यह साबित करने से बहुत पहले कि पौधे जीवित प्राणी हैं, वैदिक ज्ञान ने हमेशा पेड़ों को प्राथमिकता में रखने की सिफारिश की थी। कई पेड़ों की न केवल पूजा की जाती है, बल्कि भारतीय संस्कृति में उनका आध्यात्मिक महत्व भी है। हमारा पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान भी पौधों पर आधारित है और देश के अधिकांश हिस्सों में पेड़ों को हमेशा सम्मानित प्रजातियों के रूप में उनका हक दिया गया है। पौध-प्रजातियों की रक्षा करना हमारी आने वाली पीढ़ियों और समग्र पारिस्थितिकी तंत्र के लाभ की दिशा में केवल एक छोटा-सा प्रयास है।

दाजी ने बताया कि हार्टफुलनेस वृक्ष संरक्षण केंद्र का उद्देश्य पौधों के प्रसार के पारंपरिक तरीकों की चुनौतियों का सामना करते हुए अधिक पौधे प्राप्त करने के लिए ऊतक संस्कृति प्रौद्योगिकी के माध्यम से विलुप्त होने के करीब आ चुकी वृक्ष प्रजातियों का संरक्षण करना है। हार्टफुलनेस वृक्ष संरक्षण केंद्र में 10 हजार क्लीनरूम तकनीक के साथ 5 हजार वर्गफुट की सुविधा और15 लाख वार्षिक पौधा उत्पादन क्षमता है। यहांटिशू कल्चर प्रक्रियाओं की देखरेख भारत व इसराइल के विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा की जाती है।

केंद्र द्वारा कम से कम पांच लुप्तप्राय: किस्मों के डेढ़ लाख से ज्यादा पौधे प्रति वर्ष की दर से तैयार और प्रसारित किए जाते हैं। प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री तोमर कान्हा शांतिवनम में चल रही संरक्षण परियोजनाएं- वर्षावन, दक्कन पठार, खाद्य वन और यात्रा उद्यान, स्वयंसेवकों की सहायता से बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण आदि से भी अवगत हुए। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी भी साथ थे।

# इंदौर पर फिर टूट पड़ा कोरोना, 55 नए केस

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 24 घंटे में 72 केस आए हैं। एक बार फिर इंदौर में कोरोना विस्फोट हुआ है। 55 नए केस मिले हैं, जो पिछले पूरे सप्ताह में आए केस (57) के लगभग बराबर हैं। एक दिन पहले यहां 32 केस आए थे। यानी इंदौर में एक दिन में ही रफ्तार दोगुनी हो गई, जबकि प्रदेश में चार दिन में कोरोना की रफ्तार दोगुनी हुई है। 26 दिसंबर को 30 केस आए थे।

भोपाल में 7 मरीज मिले हैं। जबलपुर में 3 और उज्जैन, नीमच, खंडवा में 1-1 संक्रमित मिला है। अभी 22 जिलों में एक्टिव केस है। नए मरीजों में 54 मरीज फुल्ली वैक्सीनेटेड हैं।

प्रदेश में 10 जुलाई के बराबर एक्टिव केस हुए कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के प्रदेश में अब तक 9 मरीज मिले हैं। इसमें से 7 मरीज ठीक हो चुके हैं।

प्रदेश में एक्टिव मरीजों की संख्या 360 पहुंच गई है। इससे पहले 10 जुलाई को प्रदेश में 392 एक्टिव केस थे।

### छह महीने बाद इंदौर में एक दिन में इतने केस

इंदौर में 6 महीने बाद कोरोना के 55 नए मरीज आए हैं। इससे पहले 13 जून में 56 पॉजिटिव आए थे, लेकिन तब अभी के मुकाबले टेस्टिंग भी ज्यादा थी। इंदौर में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 211 हो गई है। एक दिन में ही रफ्तार दोगुना तेजी से बढ़ी है।

### भोपाल में 7 पॉजिटिव

भोपाल में 7 संक्रमितों में 4 पुरुष और 3 महिला हैं। इसमें एक 70 वर्षीय कोहेफिजा निवासी बुजुर्ग पॉजिटिव मिले हैं। जाटखेड़ी में 26 साल के मरीज के अलावा सभी 30 से ज्यादा उम्र के हैं। नए केस अवधपुरी, आदर्श नगर, बागमुगालिया एक्सटेंशन सहित अन्य इलाकों से हैं। भोपाल में अभी 71 एक्टिव केस हैं।

## दुग्ध के दाम में 20 पैसे की वृद्धि

**इन्दौर।** इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ संचालक मंडल की बैठक में इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ के अध्यक्ष मोती सिंह पटेल द्वारा बताया गया कि संचालक मंडल के समस्त संचालक गणों द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दुग्ध उत्पादक किसानों के हित में दुग्ध के क्रय भाव मे 20 पैसे प्रति फैट की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। क्रय भाव में वृद्धि से दुग्ध उत्पादक किसानों को प्रति लीटर एक से दो रुपये लीटर अधिक राशि प्राप्त होगी।

## जबलपुर कलेक्टर ने रोक ली खुद की 1 महीने की सैलरी

**जबलपुर।** जबलपुर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से आई शिकायतों का निराकरण ना होने पर खुद के साथ अपने कई अधिकारियों का वेतन रोकने का निर्देश दे दिया. कलेक्टर शर्मा ने खुद फेसबुक पर अपने आधिकारिक पेज पर इसकी जानकारी भी सार्वजनिक कर दी. जबलपुर कलेक्टर ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा है,'सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में आशानुकूल निराकरण न होने पर कलेक्टर ने स्वयं के वेतन के साथ अधिकारियों का रोका इस महीने का वेतन, जब तक निराकरण में तेजी न आए रुका रहेगा वेतन'। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों में आशानुकूल निराकरण ना होने पर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने खुद इस महीने के वेतन नहीं निकालने के निर्देश दिए. साथ कहा कि वे सभी जिलाधिकारी जिनके सीएम हेल्पलाइन में ज्यादा प्रकरण हैं, उन सबकी एक-एक वेतन वृद्धि रोकी जाए।

## मास्क न लगाने पर हंगामा महिला ने कॉन्सटेबल को मारा धक्का तो पुलिस ने जड़ दी चप्पल

**देवास।** देवास में मास्क ना लगाने पर महिला का चालान कटा। इस बात पर भड़की महिला पुलिसकर्मियों के साथ उलझ गई. विवाद इतना बढ़ा की महिला पर पुलिसकर्मी ने चप्पल उठा दिया. अब इस विवाद पर जमकर राजनीति हो रही है. महिला पुलिसकर्मी द्वारा चप्पल उठाए जाने के मामले में पीसीसी प्रेसिडेंट अर्चना जायसवाल ने बयान जारी कर महिला पुलिस कर्मी पर भी कार्रवाई की मांग की है. बता दें कि कोरोना की तीसरी लहर को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है. शहर के बीचों बीच स्थित संयाजी द्वार एबी रोड पर पुलिस प्रशासन, नगर निगम प्रशासन बगैर मास्क पहने राहगीरों पर कार्रवाई कर रहा था। इसी बीच जागृति माधवानी नामक महिला ने जिला प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारियों को जमकर खरी-खोटी सुना दी गई. हालांकि महिला पर कोतवाली थाने में शासकीय कार्य में बाधाओं के तहत प्रकरण दर्ज किया जा चुका है. वीडियो में देखा जा सकता है महिला ने अचानक कार्रवाई करने पर सभी मौजूदा अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई।

## ऑनलाइन परीक्षा कराने की मांग कर रहे छात्रों पर बरसी लाठियां

**भोपाल।** एनएसयूआई द्वारा सैकडो छात्रों के साथ ऑनलाइन परीक्षाएं करवाने की मांग को लेकर किये गये प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने उन्हे खदेड़ने के लिये लाठिया भांजी, और कई छात्रो को हिरासत मे लेकर थाने ले गई। छात्रों पर पुलिस बल प्रयोग की यह घटना बागसेवनिया इलाके मे बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय परिसर की है। युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी ने बताया पुलिस ने छात्र छात्राओ पर बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया और उन्हे गिरफ्तार कर लिया।

# गुना में आज बाजार बंद, कपड़ों पर जीएसटी की दर बढ़ाने से व्यापारी नाराज



**गुना।** 1 जनवरी से कपड़ों पर बढ़ाई जा रही जीएसटी के विरोध में व्यापारी बाजार बंद रखा। शहर के सभी व्यापारियों ने रैली निकालकर अपना विरोध जताया। कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन भी सौंपा। कपड़ा एवं रेडीमेड व्यवसायियों द्वारा प्रदेशव्यापी बंद के आव्हान पर शहर में भी बंद रखा गया।

### रैली निकालकर कलेक्टर को दिया ज्ञापन

1 जनवरी से कपड़ों पर जीएसटी की दर बढ़ जाएगी। यह 5 प्रतिशत से 12 प्रतिशत हो जाएगी। इससे सभी प्रकार के कपड़े महंगे होंगे। इसका सीधा असर व्यापारियों के साथ-साथ ग्राहकों पर पड़ेगा। इसी के विरोध में प्रदेशभर के व्यापारी नाराज है। उन्होंने बंद का आव्हान किया है।जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश मोहन में बताया कि कपड़े पर तस्ज्ञ की दरों में बढ़ोतरी को लेकर गुरुवार को कपड़ा एवं रेडीमेड व्यवसायीयों द्वारा प्रदेश व्यापी बंद का आह्वान किया गया है। शहर के कपड़ा एवं रेडीमेड व्यापारी दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ़ प्रदर्शन करते हुए शास्त्री पार्क से लक्ष्मीगंज, सदर बाज़ार, हाटरोड होते हुए एक जुलूस की शक्ल में जिलाधीश कार्यालय पहुंचे। यहां कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। दोपहर 2 बजे तक सभी व्यापारियों ने अपनी दुकानें/गोदाम बंद रखे।

## भाजपा जिला पदाधिकारी घोषित

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा की सहमति से भोपाल जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी ने जिला पदाधिकारियों की घोषणा की है। जिसमें उपाध्यक्ष 10, महामंत्री 3, मंत्री 10 सहित कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री, मीडिया प्रभारी, सह मीडिया प्रभारी 2 एवं कार्यालय प्रभारी नियुक्त किए गए है। उपाध्यक्ष में सतीश विश्वकर्मा, राम बंसल, तुलसी सोनी, सूर्यकांत गुप्ता, मनोज राठौर, इन्द्रजीत राजपूत, जितेन्द्र शुक्ला, शंकर मकोरिया, गिरीश शर्मा एवं राहुल राजपूत शामिल है।

# श्री रफी अहमद किदवई कॉलेज में आयोजित हुई ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़**

कागारौल।गुरुवार को श्री रफी अहमद किदवई कॉलेज के परिसर में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण गोपाल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता बच्चू सिंह ने की। इस प्रतियोगिता में हजारों प्रतिभागियों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग में 200मी और 100मी बालक वर्ग की दौड़ में समीर ने प्रथम, विवेक ने द्वितीय और अंकित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्राथमिक वर्ग में



100मी बालिका वर्ग की दौड़ में दिगरौता की प्रीति ने प्रथम, बसई की सोनम ने द्वितीय और सौन की डौली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।जूनियर वर्ग में बालक कब्बड़ी प्रतियोगिता में सितौली टीम ने प्रथम और कागारौल टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।जूनियर वर्ग में बालिका कब्बड़ी प्रतियोगिता में चीत की टीम प्रथम और कागारौल की टीम द्वितीय रही।बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में सौन की टीम प्रथम रही।प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन सचिव डा योगेश चाहर की देख रेख में किया गया।कार्यक्रम का संचालन लेखराज और सूरज शर्मा ने किया।निर्णायक मंडल में पुष्पेंद्र फौजदार, ओमनिवास चाहर, नरेंद्र सिंह चाहर, जयप्रकाश, संजीव धाकरे, संजीव मित्तल, नेकराम, नीरज तथा जलपान एवं भोजन की व्यवस्था योगेश हर्षाना, धर्मवीर सिंह और पंकज सक्सेना द्वारा की गई।

# इंदौर से उज्जैन चलेगी मेट्रो,खुलेगा आईआईटी का सैटेलाइट कैंपस, एयरपोर्ट भी बनेगा

**उज्जैन।** शिवराज सरकार ने उज्जैन के विकास का पूरा प्लान तैयार कर लिया है. मंगलवार को उज्जैन के मेला कार्यालय में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहर को नई सौगात देते हुए जानकारी साझा की. सरकार का कहना है कि आने वाले दिनों में उज्जैन में बहुत बड़ा विकास देखने को मिलेगा. मंत्री डॉ. मोहन यादव की मानें तो आने वाले दिनों में शहर की तस्वीर बदलने वाली है. उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि उज्जैन में आईआईटी इंदौर का सैटेलाइट



कैंपस खोला जाएगा. यह कैंपस अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध केंद्र के रूप में विकसित होगा. यह अपनी तरह का यह देश का पहला शिक्षण संस्थान होगा। डॉ. मोहन यादव का कहना है कि इसके साथ ही मेट्रो ट्रेन भी इंदौर से उज्जैन के रास्ते चलाई जाएगी. यही नहीं उज्जैन में एयरपोर्ट खोले जाने का रास्ता भी साफ हो गया है।

# योग करने से रहेंगे स्वस्थ और बीमारियां होंगी दूर...नीलेश शर्मा योगाचार्य

**बीते बर्ष पर दिये टिप्स**

**अम्बाह...** आज जाते बर्ष की सुबह बेला पर अम्बाह जयश्वर महादेव पार्क में रोजाना योग को आने बाले महानुभावो को नीलेश शर्मा ने कुछ अतिरिक्त जानकारिया दी उन्होने कहा

सेहतमंद जीवन के लिए योग बहुत जरूरी है। आज की बदलती लाइफस्टाइल में स्वस्थ रहने के लिए रोजाना योगाभ्यास करना चाहिए। नियमित रूप से योग करने से बीमारियों से बचा जा सकता है। बेहतर सेहत के लिए योग करना जरूरी माना जाता है। आज हम आपको नियमित योग करने से होने वाले फायदों के बारे में बताने जा रहे है

मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए मानसिक तनाव दूर होता है

आज के समय में मानसिक तनाव काफी



बढ़ने लगा है। मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए। कई शोधों के अनुसार योग करने से मानसिक और शारीरिक लाभ होता है। रोजाना योगभ्यास करने से तनाव दूर होता है। मानसिक तनाव की वजह से अनिद्रा की समस्या भी होने लगती है। रोजाना योग करने से नींद भी अच्छी आती है। स्वस्थ रहने के लिए अच्छी और गहरी नींद लेना भी बहुत जरूरी है।

योग मानसिक स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक होता है। मन, मस्तिष्क को तंदुरुस्त बनाए रखने के लिए रोजाना योग करना चाहिए।

रोजाना योग करने से बीमारियों से छुटकारा मिलता है प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। शरीर को स्वस्थ और निरोगी रखने के लिए रोजाना योगाभ्यास करना चाहिए। योगाभ्यास करने से ब्लज शुगर लेवल भी नियंत्रण में रहता है। बीमारियों से दूर रहने के लिए नियमित रूप से योग जरूर करना चाहिए।

**सेहतमंद जीवन के लिए योग वजन नियंत्रण में रहेगा**

आज के समय में बदलती लाइफस्टाइल और गलत खान-पान की आदतों की वजह से वजन बढ़ने की समस्या आम हो गई है। वजन को नियंत्रण में रखने के लिए रोजाना योगाभ्यास करना चाहिए। योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और फैट कम होता है। इस अबसर पर शिबमोहन पटबारी चरनसिह तोमर पूर्व प्राचार्य साधूसिह राठौर भाजपा जिला अध्यक्ष पिछडा वर्ग मोर्चा डा सहदेव शर्मा आदि मौजूद रहै...

# हिम्मत, हौंसला , बुद्धि और विवेक से आगे बढ़ें बेटियां - इमरती देवी

### बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ बेटों को संस्कारित करने की आवश्यकता - श्रीमती समीक्षा गुप्ता

### बेटी संरक्षण दिवस पर प्रतिभावान बेटियों का हुआ सम्मान, छात्राओं को बांटी पाठ्य सामग्री



**ग्वालियर** / आज बेटियां हर वो काम कर सकती है, जिसके लिए मां-बाप बेटों पर निर्भर होते हैं। इसलिए बेटियां को भी वही संस्कार, लालन-पालन व शिक्षा दें, जो हम बेटों के लिए सोचते हैं। बेटियां हर कार्य करने में सक्षम हैं। बेटियां हिम्मत, हौंसला , बुद्धि और विवेक से आगे बढ़ें तो उन्हें आगे बढ़ने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती है । उक्त आशय के विचार बेटी संरक्षण दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंदी विद्यापीठ तिलक नगर में आयोजित बेटी सम्मान कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम की अध्यक्ष श्रीमती इमरती देवी ने प्रतिभावान बेटियों का सम्मान करते हुए व्यक्त किए।

बेटियों को शिक्षित करने एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनकी सुरक्षा एवं सामाजिक विकास के उद्देश्य से पिछले 9 वर्षों से आयोजित किए जा रहे बेटी संरक्षण दिवस का आयोजन आज 30 दिसंबर गुरुवार को पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता फैंस क्लब द्वारा तिलक नगर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंदी विद्यापीठ, बेटी बचाओ चौराहे के पास किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम की अध्यक्ष श्रीमती इमरती देवी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेटी संरक्षण दिवस की प्रेरक एवं कार्यक्रम की संयोजक पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, समाजसेवी राजेश ऐरन, मंडल अध्यक्ष चेतन मंडलोई , सतीश साहू, विद्यालय के प्राचार्य आईसी गुप्ता एवं अशोक जैन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की प्रस्तावना राजीव गुप्ता द्वारा प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि 16 दिसंबर 2012 को निर्दयता की पराकाष्ठा को लांघते हुए दिल्ली में पैरामेडीकल की छात्रा के साथ हुई सामूहिक बर्बरता के बाद 13 दिन जिंदगी से जंग लडते हुए निर्भया 29 दिसंबर 2012 को जिंदगी से हार गईं और पूरे देश में बेटियों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक कर गई। तब ग्वालियर की तत्कालीन महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता ने ग्वालियर की प्रथम नागरिक होने के नाते शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर निर्भया जैसी करोडों प्रतिभावान बेटियों की सुरक्षा व संरक्षण के प्रति समाज को जागरुक करने के लिए प्रतिवर्ष 30 दिसंबर को बेटी संरक्षण दिवस आयोजित कर समाज में जरुरतमंद बेटियों की सहायता करने का संकल्प लिया। तब से लगातार इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता फैंस क्लब द्वारा तिलक नगर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिंदी विद्यापीठ, बेटी बचाओ चौराहे के पास किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश व देश में शहर का नाम रोशन करने वाली शहर की प्रतिभाशाली बेटियों का सम्मान किया गया । इसके साथ ही विद्यालय की लगभग 300 जरुरतमंद छात्राओं को निशुल्क पाठ्य सामाग्री एवं स्वेटर आदि वितरित किए गए ।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी ने कहा कि बेटियों में पुरुषों को लेकर जो असुरक्षा की भावना है उसे उन्हें त्यागना होगा। अब समय बदल रहा है बेटियां सशक्त हैं, सक्षम हैं और हर क्षेत्र में कार्य करने के लिए तैयार हैं। पूर्व महापौर श्रीमती गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि हम सभी का निरंतर यह प्रयास होना चाहिए कि बेटी के संरक्षण के साथ ही उन्हें शिक्षित करें। उन्होंने कहा कि बेटियां भी प्रकृति का ही एक हिस्सा है यदि हम प्रकृति से खिलबाड करेगें तो समाज का पतन होना निश्चित हैं। घर की बेटी को संस्कारित करने की चिंता हम सबकी होती है, लेकिन यदि हम बेटों को भी संस्कारित करने की चिंता कर लें तो देश में निभर्या कांड जैसी घटनाएं अपने आप ही कम हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बेटियों की चिंता करते हुए बेटी बचाओ, बेटी पढाओ का नारा दिया जो कि आज देशभर में गूंज रहा है। उन्होंने कहा कि हम आज भी बेटियों को बेटों से बराबरी का दर्जा नहीं दे पा रहे हैं यही कारण है कि आज भी बेटों के मुकाबले बेटियों की संख्या कम है। इस अवसर पर श्रीमती साधना सांडिल्य, जानवी रोहिरा, श्रीमती ममता आर्य, श्रीमती मोना शर्मा बड़ी संख्या में समाजसेवी महिलाएं, पुरुष एवं विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं एवं छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

### बेटियों ने रैली निकाल कर दिया बेटी सुरक्षा का संदेश

बेटी संरक्षण दिवस के अवसर पर बेटियों की शिक्षा एवं सुरक्षा के लिए आयोजित कार्यक्रम में बेटियों के सम्मान के बाद सभी बेटियों ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से रैली निकालकर बेटी बचाओ चौराहे बेटियों की सुरक्षा का संदेश दिया। बेटियों की सुरक्षा का संदेश देने के लिए निकाली गई रैली की अगुवाई पूर्व महापौर एवं कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती

## सूने घर से नगदी गहने चोरी

**ग्वालियर।** शातिर चोर विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में स्थित गोविंदपुरी में एक सूने मकान के ताले चटका कर नगदी गहने सहित हजारों का माल चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के गोविंद पुरी निवासी हिमांशु गुप्ता बीते रोज मकान का ताला डालकर कहीं काम से गए थे। तभी मौका पाकर चोरों ने उनके घर के ताले चटका दिए और वहां से नगदी गहने सहित हजारों का माल चोरी कर ले गए ।पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## रेल से कटकर युवक की मौत

**ग्वालियर।** शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में स्थित विवेकानंद नीडम क्रॉसिंग पर रेल की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि विवेकानंद नीदम रेलवे क्रॉसिंग के पास एक युवक की रेल से कटकर मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को कब्जे में लिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसकी उम्र 20 से 24 साल के बीच बताई गई है ।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**ग्वालियर।** शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में स्थित जिन्नातों की मस्जिद के पास रहने वाली एक युवती से एक युवक ने शादी का वादा किया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसका दैहिक शोषण करता रहा। युवती ने जब शादी करने को कहा तो युवक मुकर गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के जिन्नातों की मस्जिद के पास रहने वाली 21 साल की एक युवती ने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि 2 साल पहले उसकी दोस्ती अशरफ खान नामक युवक से हुई थी इसके बाद दोनों एक दूसरे से मिलने लगे ।इसी बीच अशरफ ने युवती से शादी करने का वादा किया ।एक दिन अशरफ खान युवती के घर मिलने आया और अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद शादी करने का वादा कर उसका दैहिक शोषण करता रहा।



## ग्वालियर में ऊर्जा मंत्री तोमर ने की नाले की सफाई, फावड़े से निकाली गंदगी

**ग्वालियर।** शिंदे की छावनी पर लक्ष्मण तलैया से लेकर दुबे नर्सिंग होम तक सीवर का पानी सड़क पर बह रहा है। इसके कारण कई जगहों पर दुकानों के अंदर सीवर का पानी भर रहा है। इस मामले को लेकर पूर्व पार्षद चंदू सेन ने निगम के अधिकारियों एवं निगमायुक्त किशोर कान्याल से शिकायत की थी, लेकिन इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो सका। इसके चलते पूर्व पार्षद ने इसकी शिकायत मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर से की। मंत्री आज शिंदे की छावनी पहुंचें और स्वयं नाले की सफाई की। इस दौरान उन्होंने नाले में उतरकर फावड़े से गंदगी बाहर निकाली। ग्वालियर में शिंदे की छावनी में नाले का पानी लोगों की दुकानों में भर रहा था, मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने खुद नाले में उतरकर फावड़े से की सफाई। लक्ष्मण तलैया एवं रामदास घाटी की ओर से बहकर आने वाला नाला लक्ष्मण तलैया के पास जाम हो गया है। इसके कारण नाली एवं सीवर का पूरा पानी सड़क पर बह रहा है।

## राहत के प्रकरण तेजी के साथ निराकृत किए जाएं : संभागीय आयुक्त सक्सेना



**ग्वालियर** / ग्वालियर-चंबल संभाग में अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत लंबित प्रकरणों की तेजी से निराकरण की कार्रवाई की जाए। सभी जिला कलेक्टर प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली टीएल बैठक में उक्त प्रकरणों की समीक्षा कर निराकरण में तेजी लाएं। पुलिस विभाग भी प्रकरणों के निराकरण में शीघ्र कार्रवाई करे। संभागीय आयुक्त आशीष सक्सेना ने गुरूवार को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में यह बात कही। मोतीमहल के मानसभागार में आयोजित इस समीक्षा बैठक में आईजी ग्वालियर अविनाश शर्मा, डीआईजी ग्वालियर राजेश हिंगणकर, कलेक्टर ग्वालियर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सहित ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित आबकारी, खनिज, महिला-बाल विकास एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभाग आयुक्त सक्सेना ने जिला कलेक्टरों से कहा है कि वे अपने-अपने जिलों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचारण निवारण अधिनियम 1989 में दर्ज प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें। लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए कलेक्टर प्रति सप्ताह समीक्षा कर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि उक्त प्रकरणों में जिन्हें सहायता दी जाना है उन्हें तत्परता से सहायता भी मुहैया कराई जाए। बैठक में यह भी कहा गया कि राहत के जिन प्रकरणों में जाति प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है, उसमें तत्परता से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। समीक्षा बैठक में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण की रोकथाम के संबंध में भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अवैध शराब के विरूद्ध भी अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। संभाग आयुक्त आशीष सक्सेना ने कहा कि अवैध रेत एवं अवैध शराब की रोकथाम के लिए जिला स्तर पर सूचना तंत्र को और मजबूत किया जाए।

## मुरार पुलिस ने शातिर लुटरे को 07 लाख रूपये कीमत के 46 मोबाइल सहित किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी,भापुसे के निर्देष पर ग्वालियर जिले में चोरों, लुटेरों व नकबजनों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान दिनांक 29.12.21 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि मोबाइल छीनने वाले शातिर लुटेरे को मुरार थाना क्षेत्र स्थित पाताली हनुमान के पास देखा गया है जो किसी घटना को कारित करने के उद्देश्य से मौजूद है। उक्त सूचना पर से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर शहर (पूर्व/अपराध) राजेष दण्डोतिया को थाना बल की टीम को उक्त शातिर लुटेरे को पकड़ने हेतु निर्देषित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में सीएसपी मुरार श्री ऋषिकेष मीना,भापुसे के मार्गदर्षन में थाना प्रभारी मुरार निरी. शैलेन्द्र भार्गव के नेतृत्व मे थाना बल की टीम को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना की तस्दीक करने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर एक संदिग्ध व्यक्ति खडा मिला, जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम द्वारा उक्त संदिग्ध व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकडे गये संदिग्ध व्यक्ति की तलाषी लेने पर उसकी पेंट की जेब से पांच मोबाइल मिले, उक्त मोबाइलों के संबंध मे पूछताछ करने पर उसके द्वारा सभी मोबाइल शहर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से चोरी व छीनना बताया गया। पकडे गये आरोपी से गहनता से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि मैंने ग्वालियर शहर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों तथा आसपास के जिलों से मोबाइल चोरी व छीनने की घटनाओं को अंजाम दिया है मेरे द्वारा चोरी किये गये पांच मोबाइल अपने मामा को बैचने के लिये दिये है शेष 41 मोबाइल मेरे घर पर रखे हुये है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार उसके घर से सभी 41 मोबाइलों को बरामद किया गया। इस प्रकार पुलिस टीम द्वारा कुल 46 मोबाईल (कीमती 07 लाख रूपये) को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 411, 413 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया जाकर ग्वालियर जिले के थानों व सायबर सैल मे मोबाइल गुम होने संबंधी प्राप्त आवेदनों मे दिये आईएमईआई नम्बरों से जप्त मोबाइलों के आईएमईआई नम्बरों का मिलान कराकर मोबाइल धारकों की तलाष की जा रही है।

## पुलिस शातिर चोर को चोरी के माल सहित किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** शहर की विश्वविद्यालय थाना पुलिस ने एक साथ चोर को चोरी के माल के सहित गिरफ्तार किया है पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी,भापुसे के निर्देषानुसार ग्वालियर जिले चोरों एवं लुटेरों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) राजेश दण्डोतिया को अपने अधीनस्थ थाना बल की टीम गठित कर चोरी एवं लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाषों की धरपकड करने हेतु निर्देषित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक विष्वविद्यालय श्री ऋषिकेष मीना,भापुसे के मार्गदर्षन में कार्य करते हुये दिनांक 29.12.2021 को थाना प्रभारी विष्वविद्यालय निरी0 श्री आनंद कुमार बाजपेई को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना विष्वविद्यालय के अपराध क्रमांक 402/21 की धारा 380, 457 भादवि के प्रकरण में फरार आरोपी को महलगॉव, मरघट के पास देखा गया है।

## पुलिस ने एक स्मैक तस्कर को पांच लाख रूपये कीमत की 50 ग्राम स्मैक सहित किया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ क्राईम ब्रांच व थाना जनकगंज ने एक स्मैक तस्कर को पांच लाख रूपये कीमत की 50 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है ।पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी(भापुसे) के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में अवैध मादक पदार्थो की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 29.12.2021 को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला एक व्यक्ति थाना जनकगंज क्षेत्रान्तर्गत नई सब्जी मण्डी लक्ष्मीगंज में अवैध मादक पदार्थ बैचने के लिये ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर से पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री राजेश डण्डोतिया एवं अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पश्चिम) श्री सत्येन्द्र सिंह तोमर को क्राईम ब्रांच तथा थाना जनकगंज की संयुक्त टीम बनाकर अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले बदमाश को पकड़ने हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर भेजने हेतु निर्देष किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में उप पुलिस अधीक्षक, अपराध श्री विजय भदौरिया के मार्गदर्शन में उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए दिनांक 29/30.12.2021 की रात्रि में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 दामोदर गुप्ता तथा थाना प्रभारी जनकगंज निरी. संतोष यादव के नेतृत्व में क्राईम ब्रांच व थाना जनकगंज की टीम को भेजा गया। पुलिस टीम को नई सब्जी मण्डी लक्ष्मीगंज में मुखबिर के बताये हुलिया का एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा हुआ दिखा, जिसने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम द्वारा उसे धरदबोचा। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्ति की तलाषी लेने पर उसके पास से एक सफेद रंग की पालीथिन मिली जिसमें 50 ग्राम स्मैक रखी हुई थी, जिसे विधिवत जप्त किया गया, अनुमानित कीमती 05 लाख रूपये है। पकड़े गये स्मैक तस्कर से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि मैनपुरी से स्मैक लाकर उसकी पुड़िया बनाकर बैचा करता था।




## घर-घर जाकर शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा - ऊर्जा मंत्री तोमर

### उज्जवला योजना के तहत 25 हितग्राहियों को वितरित किये गैस सिलेंडर व चूल्हा



**ग्वालियर** / प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड 10 में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को गैस कनेक्शन, सिलेंडर व गैस चूल्हा मुफ्त वितरित किये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मैं खुद घर-घर जाकर शासन की प्रत्येक योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाउंगा। कोई भी गरीब व्यक्ति शासन की किसी भी योजना से वंचित नहीं रहे, इसके लिए हर संभव कोशिश की जाएगी। शासन की प्रत्येक योजना का लाभ हितग्राही को उनके घर के नजदीक मिले इसके लिए क्षेत्र में कैंप आयोजित किये जाएगें। वार्ड-10 के आहूखाना घासमंडी में 25 पात्र महिला हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर ऊर्जा मंत्री तोमर ने वितरण किये। गैस कनेक्शन पाकर महिलाओं के चेहरे खिल उठे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही देश व प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने क्षेत्रीय आमजन से अपील करते हुए कहा कि कचरा सिर्फ कचरा वाहन में ही डालें, रोड पर डालने से गंदगी फैलती है। हमें स्वच्छता की आदत को अपनाना होगा तभी हमारा नौनिहाल खुशहाल रह पाएगा और हमारा शहर स्वच्छता में अव्वल आ पायेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं। सिविल अस्पताल को सर्वसुविधा युक्त बनाया जा रहा है, आपकी सुविधा के लिए किशन बाग में भी नया अस्पताल बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय आमजन की सुविधा के लिए लगभग 15 हजार पात्र परिवारों को राशन की पात्रता पर्ची का लाभ दिया जा चुका है। अगर आपके क्षेत्र में कोई गरीब पात्र हितग्राही है जिसको राशन नहीं मिल रहा है तो आप अपने नजदीकी क्षेत्रीय कार्यालय पर आवेदन जमा कर सकते हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478